हाथियों के महत्त्व एवं युद्ध कौशल की सराहना सर्वत्र की गई है। हाथी युद्ध के लिए प्रशिक्षित होते थे। अत्यन्त घायलावस्था में भी पुरु के हाथी ने अपने शरीर में धँसे भाले-बर्छों को अपनी सूँड़ से निकाले थे (...extracted the darts from his body with its trunk.[75])। भारतीय हाथियों के प्रशिक्षण का उल्लेख यूनानियों ने भी की है (they had been trained[76] elephants trained and equipped for war[77])। सिकन्दर स्वयं हाथियों के महत्व को आँकता था, उसने स्वयं अफ्रीकी एवं आम्भि से (15+25+30+56) कुल 126 हाथी लिये थे। अराकोशिया के 30 हाथी झेलम पार करने के पहले ही आए थे और अर्णास तथा ओरा के हाथी भी थे। पुरु के हाथी, बस कहने के लिए अधिक थे। डायोडोरस की मानें (पुरु के 130 हाथी) तो पुरु की तुलना में सिकन्दर के हाथी ही 20-25 की संख्या में अधिक पड़ेंगे और कर्टियस की मानें (पुरु के 85 हाथी) तो सिकन्दर के ही हाथी अधिक थे।

ऐसा लगता है कि सिकन्दर के सैनिकों द्वारा पीड़ित किये गये पुरु के हाथी अपनी सेना को नहीं, बल्कि सिकन्दर की सेना को मटियामेट कर दिये हों और साथ ही पदाति सेना, रथों और अश्वारोहियों ने सिकन्दरी सेना के छक्के छुड़ाये हों। यूनानी लेखकों द्वारा सिकन्दर की ओर से सन्धि प्रस्तावित किए जाने का उल्लेख[78] उपर्युक्त वास्तविकता को और पुष्ट करता है। सन्धि-प्रस्ताव का मजमून किसी यूनानी लेखक ने नहीं दिया है। किन्तु विश्व-साहित्य के कुछ ग्रन्थ इसी सन्धि के प्रारूप को उपस्थित करते हैं-

ई.ए. डब्ल्यू. बज़ के इथियोपिया के प्रमाणों के आधार पर यह ज्ञात होता है कि पुरु 20 दिनों तक युद्ध करता रहा और सिकन्दर के बहुत सारे घोड़े मारे गए और इससे यूनानी सेना में इतना शोक छा गया कि सैनिक

72. कर्टियस, 9.2, इनवेजन, पृ. 224
73. एर्रियन, 5.21, इनवेजन, पृ. 113-114
74. एर्रियन, 5.24, इनवेजन, पृ. 119
75. प्लूटार्क, 60, इनवेजन, पृ. 308
76. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 213
77. डायोडोरस, 17.87, इनवेजन, पृ. 282
78. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 212

फफक-फफक कर रोने लगे एवं शस्त्र फेंक देना चाहते थे। जब सिकन्दर ने ऐसी स्थिति देखी तो युद्ध बन्द कर देना चाहा। उसने ऊँचे स्वर में कहा-

'हे पुरुराज! भारत के नृपति मैं आपके शौर्य को देख रहा हूँ तथा उसकी गरिमा की अनुभूति भी कर रहा हूँ। उसे देखकर मेरा दिल दहल गया। साथ ही मैं अपनी मुसीबतों और बरबादियों पर भी विचार कर रहा हूँ, इन सब को देखते हुए मैं सोचता हूँ कि अधिक से अधिक इन मुसीबतों में पड़कर मैं अपनी जान गँवा सकता हूँ, किन्तु मेरे जैसे राजा के लिये यह उचित नहीं कि वह आपसे लड़कर अपने सिपाहियों के प्राण खतरे में डाले।'[79]

इस इथियोपिक पाठ की तिथि की अनिश्चतता के कारण विद्वानों ने इसे प्रामाणिक नहीं माना है, किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि लोकप्रचलित कथाओं में कभी-कभी वास्तविक तथ्य सुरक्षित मिलते हैं, जिनका वर्णन प्रामाणिक ग्रन्थों में भिन्न प्राप्त होता है।

सिकन्दर सम्बन्धी कई रोचक कथाओं का विवरण इथियोपिया में प्राप्त होता है।

सिकन्दर द्वारा प्रस्तावित सन्धि का एक प्रारूप 977-1010 ई. में रचे गए अब्दुल क़ासिम फिरदौसी के शाहनामे में भी प्राप्त हुआ है-

सिकन्दर बद-उ गुफ्त क-ए नामदार,
दो लश्कर शाकिस्ता शुद अज करेजार।
हमीं दामों-दद मग्जे मर्दुम खुरद,
हमीं नाल-ए-अस्प इस्तख्वां बस्पुरद।
दो मरदेम हर दो दिलेर-ओ जवाँ,
सुखनगो व बा-मग्जे दो पहलवाँ।
चरा बहर ए-लश्कर हमीं कुश्तन्-अस्त,
बगर जिन्दाह अज-रज्म वर गश्तन् अस्त।[80]

(सिकन्दर ने कहा, हे यशस्वी पुरुष! हम दोनों की सेनायें युद्ध से ध्वस्त हो चली हैं, वन्य पशु मनुष्यों के मस्तिष्क खा रहे हैं और घोड़ों की नालों से उनकी हड्डियाँ जर्जरित हो रही हैं, हम दोनों वीर और युवक हैं, बुद्धिमान और मंजुभाषी योद्धा हैं। अतः सेनाओं की हत्या क्यों हो और युद्ध के बाद उन्हें नीरस जीवन क्यों मिले?)[81]

उपर्युक्त विवरणों की सत्यता को अस्वीकार करके सिकन्दर की प्रेषित सन्धि को कूटनीतिक महत्व दिया जाता है कि सिकन्दर ने भारत में आगे बढ़ने के लिए यह चाल अपनायी।

सिकन्दर की ओर से सन्धि-प्रस्ताव का कई बार प्रेषण, पुरु की स्वीकृति और उसके उपरान्त की बात

79. दि हिस्ट्री ऑफ इलेक्जाण्डर दि ग्रेट, ई.ए. डब्ल्यू. बज का अनुवार, पृ. 123
80. शाहनामा, मैकन सम्पादित, 1829, भाग 3, पृ. 309
81. हिन्दी अनुवाद, बलराम श्रीवास्तव, पूर्वोद्धृत, पृ. 66

को यूनानी लेखकों द्वारा कल्पित घटनाओं के समावेश या वास्तविकता को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की ओर संकेत करती हैं।

यूनानी विवरणों के अनुसार सिकन्दर ने यह सन्धि-प्रस्ताव उस समय भेजा था जब कि पुरु रण के मैदान से बाहर जा रहा था।[82] पुरु से सन्धि की बात चलाने का प्रयास इतिहासकार कर्टियस के अनुसार पहले सिकन्दर ने ही किया।[83] किन्तु उसका घोड़ा अत्यन्त घायल होने के कारण बैठ गया तब उसने आम्भि[84] अथवा आम्भि के भाई[85] को सन्धि का सन्देश वाहक बनाया था जिसे पास आता देख पुरु ने बरछे से प्रहार किया था, किन्तु उसके शीघ्रता पूर्वक पीछे हटने[86] अथवा बरछे के हाथ से फिसलने[87] के कारण वार खाली गया। सिकन्दर ने सन्धि-प्रस्ताव कई बार (messenger after messenger[88]) भेजा और अन्त में मिरोस को सफलता मिली।[89] सिकन्दर ने सन्धि-प्रस्ताव की घटना को आधुनिक इतिहासकारों ने यूनानी रजत-पदक के एक अंकन से जोड़ने का प्रयास किया है। सर्वप्रथम पी. गार्डनर ने पोरस सम्बन्धी सन्दर्भ उद्धृत करते हुए सिक्के का सन्दर्भ बैक्ट्रिया तथा यूचियों से बताया[90] किन्तु बी.वी. हेड ने यद्यपि अपने एक लेखन में पी. गार्डनर को सन्दर्भित किया[91] लेकिन अपने दूसरे लेख में मुद्रा पर अंकित दृश्य को सीधे झेलम-युद्ध से सम्बन्धित किया[92] जिसका बाद में अन्यान्य इतिहासकारों ने मात्र अनुगमन किया है। विंसेण्ट ए. स्मिथ ने तो इसे पोरस मेडल (POROS MEDAL) नाम ही दे डाला दिया।[93] यह मुद्रा प्राप्ति स्थान से न मिलकर फारस के बेबिलोन (वर्तमान इराक में) से मिली है। बेबीलोनिया में सिकन्दर की एक टक्साल थी। यह भी ध्यान देने योग्य है कि फारस के गागमेला युद्ध में दारा तृतीय के निवेदन पर,[94] उसके सहयोग में पुरु के हाथी गए थे, इसका सन्दर्भ फिरदौसी के शाहनामा में सिकन्दर के दूत को दिए गए पुरु के उत्तर के विवरण में मिलता है-

82. एर्रियन, 5.18, इनवेजन, पृ. 108
83. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 212
84. एर्रियन, 5.18, इनवेजन, पृ. 108
85. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 212
86. एर्रियन, 5.18, इनवेजन, पृ. 108
87. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 212
88. एर्रियन, 5.18, इनवेजन, पृ. 108
89. वही, 5.18, इनवेजन, पृ. 108-109
90. *न्यूमिस्मैटिक क्रोनिकिल,* तीसरी सीरीज, भाग 7, 1887, पृ. 178
91. वही, 1906, पृ. 8
92. हिस्टोरिया न्यूमोरम, आक्सफोर्ड, 1911, पृ. 833, *ए गाइड टु दि प्रिंसिपल ग्रीक क्वायंस ऑफ दि ग्रीक्स,* लन्दन, 1932, पृ. 49
93. *ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इण्डिया,* लन्दन, 1904, पृ. 63
94. दि शाहनामा ऑफ फिरदौसी, अंग्रेजी अनुवाद ऑरथर ज्यॉर्ज वारनर, लन्दन, 1912, पृ. 31

बदान् गह कि दारा मेरा यार ख्वास्त।
दिल-ओ वस्तु वाहो नदीदैम रास्त।।
हमो जि दाह पिलान् फरस्तादमश।
हमोदून बायारि जुबान दीदमश।।

(दारा के सहायता माँगने पर मैंने युद्धार्थ प्रशिक्षित हाथी और उत्साहवर्धक संदेश भेजा।)[95]

इस बात की पूरी-पूरी सम्भावना की जा सकती है कि पदक पर गजारोही और अश्वारोही के युद्ध का जो चित्रण है, उसका सम्बन्ध गागमेला युद्ध से हो।[96] यूनानियों ने गागमेला-अरबेला में ही पहली बार युद्ध में प्रयुक्त हाथी देखा था जो दारा की सेना के मुख्य अंग थे।[97]

सन्देश वाहक भेजे जाने और इसके बाद का प्रसङ्ग एर्रियन और कर्टियस द्वारा भिन्न-भिन्न रूप में वर्णित है। जहाँ प्रथम के अनुसार सन्देशवाहक आम्भि की असफलता एवं बाद में पुरु की भेंट और पुरु की ओर से पहल कि मुझे सिकन्दर के पास ले चलो[98] तो दूसरे के अनुसार सिकन्दर द्वारा पहल करने के लिए जाने किन्तु घोड़े के बैठ जाने के कारण संदेश वाहक भेजने और मृत समझे पुरु के पास जाने पर घायल पुरु से वार्ता होती है[99]और तीसरे ने तो सीधे पुरु के बन्दी बनाए जाने की बात कही है।[100] यह गढ़न्त विवरण स्पष्ट ही अविश्वसनीय है।

प्रशिक्षित हाथी द्वारा अपने स्वामी की घायल व मूर्छितावस्था में उसे रण-क्षेत्र से बाहर ले जाते समय सिकन्दर ने पुरु को मात्र 'समर्पण करने' का आग्रह तो नहीं भेजा होगा अपने सन्देश-वाहकों के माध्यम से, क्योंकि ऐसा तो सैनिकों द्वारा घेर कर किया जा सकता था। वस्तुतः पुरु की वीरता की ओट में उसकी हार स्थापित करने का वाग्जाल यूनानी इतिहासकारों ने रचा है।

जब पुरु ने सिकन्दर के प्रस्ताव को स्वीकार किया तो 'पोरस! तुम्हारे साथ कैसा व्यवहार किया जाय?' जैसे प्रश्न का कोई औचित्य नहीं है। इस सारी कथा को यूनानियों ने बड़े कौशल से प्रस्तुत किया है जो वास्तविकता को छोड़कर सिकन्दर के पक्ष में रखी गई है। सिकन्दर और पुरु का यह कथोपकथन पाँच इतिहासकारों में से तीन

95. शाहनामा, भाग 3, पृ. 130, दि शाहनामा ऑफ फिरदौसी, उपरिउल्लिखित, एवं चिनॉक सम्पादित एर्रियन का एनाबसीस, पृ. 142-143, जॉन क्लार्क रिडपाथ, *यूनिवर्सल हिस्ट्री*, भाग 2, *एंशिएण्ट वर्ल्ड*, न्यू यार्क, प्रथम संस्करण, पृ. 368 तथा आर. घिर्शमन, *ईरान, पेंगुइन बुक्स, लन्दन, 1965, पृ. 212 भी द्रष्टव्य*
96. दीनबन्धु पाण्डेय, दि हाइडैस्पीज-बैटिल कमेमोरेटिव मेडल ऑफ अलेक्जॉण्डर दि ग्रेट - ए फ्रेश एप्रोच, जर्नल ऑफ दि न्यूमिस्मैटिक सोसाइटी ऑफ इण्डिया, अंक 33, भाग 2, 1971, पृ. 1-7
97. जे.डब्ल्यू. मैक्किण्डल, इनवेजन, पृ. 94, टिप्पणी 2
98. एर्रियन, 5.18, इनवेजन, पृ. 108-109
99. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 213-14
100. प्लूटार्क, 60, इनवेजन, पृ. 308

- एर्रियन, प्लूटार्क एवं कर्टियस- द्वारा अपने-अपने ढंग से कुछ परिवर्तनों के साथ लिखा गया है।[101]

पुरु के उत्तर 'एक राजा की तरह' पर सिकन्दर के प्रसन्न होने और पुरु के सम्मान में उसके राज्य को लौटाने और कुछ अन्य भूभाग भी उसके सुपुर्द करने की बात[102] तो और भी थोथी है। जस्टिन[103] ने उपर्युक्त तीनों इतिहासकारों की बात न मानते हुए केवल पुरु के राज्य के वापस दिए जाने की बात कही है। सिकन्दर का जैसा चरित्र यूनानियों ने प्रस्तुत किया है उसके अनुसार वह किसी को अपने सामने सर उठाये नहीं देख सकता था और यहाँ वह पुरु के आत्माभिमान भरे वाक्य पर प्रसन्न हुआ, ये विरोधी बातें हैं। पुरु के राज्य को लौटाने की स्थिति तो है ही नहीं, ऊपर हम देख चुके हैं कि युद्ध की अनिर्णीतावस्था में ही सन्धि की बात प्रारम्भ हुई थी जिसके फलस्वरूप दोनों का मिलन हुआ, युद्ध जीतने की तो स्थिति ही नहीं आई फिर सिकन्दर पुरु के राज्य का हकदार कहाँ हुआ कि राज्य वापस करे। सिकन्दर तक्षशिला से चलकर सीधे झेलम पहुँचा था। इस बीच कोई राज्य नहीं जीते थे। झेलम के पूर्व में ही पोरस का राज्य था। युद्ध के उपरान्त सिकन्दर ने कौन सा अतिरिक्त राज्य दिया होगा। पुरु का राज्य विजित हुआ नहीं और अन्य क्षेत्र कोई ऐसा था ही नहीं कि दे सके अतः स्पष्ट ही विवरण असत्य एवं मनगढन्त है। इस उद्धरण में पुरु की हार का कोई संकेत नहीं है।

यूनानियों में डायोडोरस एवं जस्टिन ऐसे इतिहासकार हैं जो सिकन्दर के सन्धि प्रस्ताव अथवा पुरु के बन्दी बनाये जाने का प्लूटार्क की तरह सीधा उल्लेख नहीं करते। उनके अनुसार कई घावों से अत्यधिक रक्त-स्राव के कारण पुरु मुर्च्छित हो गया था और अफवाह फैल गई कि राजा मर गया फलस्वरूप सैनिक भागे।[104] किन्तु पुरु जीवित था।[105] पुरु के युद्धीय घावों के उपचार के सम्बन्ध में एक अन्य लेखक ने 'सिकन्दर द्वारा पुरु का अपने सैनिक जैसा उपचार के लिए यूनानियों को आदेश' दिए जाने का उल्लेख किया है,[106] किन्तु इस बात का भी उल्लेख आया है कि 'पुरु ने अपने घावों पर हाथ लगाने नहीं दिया'[107] और उसका औषधीय उपचार भारतीयों ने किया।[108] इस प्रकार हम देखते हैं कि सन्धि-प्रस्ताव एवं औषधीय उपचार के भिन्न-भिन्न प्रकार के कथनों से ऐसा लगता है कि पुरु ने अपने स्वाभिमान के आगे न तो यूनानियों का सन्धि-प्रस्ताव स्वीकार किया और न ही उनका औषधि उपचार।

उसका कथन उद्धरणीय है-

101. एर्रियन, 5.19, इनवेजन, पृ. 109, कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 214, प्लूटार्क, 60, इनवेजन, पृ. 308
102. वही
103. जस्टिन, 12.8, इनवेजन, पृ. 323
104. डायोडोरस, 17.88, इनवेजन, पृ. 276
105. वही
106. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 214
107. जस्टिन, 12.8, इनवेजन, पृ. 323
108. डायोडोरस, 17.89, इनवेजन, पृ. 276

Poros fought on with heroic courage, but being drained of blood by the number of his wounds, he fainted away, and leaning on his elephant for support, was borne to the ground. A report having spread that their king was dead.... Poros himself, who was still alive, was given into the hands of the Indians to be cured of his wounds. (डायोडोरस, 17.88-89, इनवेजन, पृ. 276)

पुरु को लगे घावों के सम्बन्ध में भी थोड़ा विमर्श किया जाना चाहिए। डायोडोरस,[109] प्लूटार्क[110] और जस्टिन[111] ने पुरु के कई एक घावों का उल्लेख किया है। एर्रियन केवल एक घाव कहता है जो पुरु के अरक्षित दाहिने कन्धे में लगा था, पुरु का शेष शरीर सुदृढ़ लौह-कवच से पूर्णतः रक्षित था-

...wounded in the right shoulder, where only he was unprotected by armour in the battle. All the rest of his person was rendered shot-proof by his coat of mail, which was markable forits strength and the closeness with which it fitted his person.[112]

कर्टियस ने आगे एवं पीछे से लगे 9 घावों का उल्लेख किया है।[113] यहाँ एर्रियन का यह कथन उल्लेख्य है कि पुरु का पूरा शरीर लौह-कवच से सुरक्षित था और चोट असुरक्षित होने के कारण कन्धे में लगी स्पष्टतः आगे और पीछे से लगे 9 घावों का विवरण असत्य है और डायोडोरस, प्लूटार्क और जस्टिन द्वारा अनेक घावों का उल्लेख भी सही नहीं है। ये विपर्यय यूनानी इतिहासकारों के विवरणों के असत्य आधार व उनके मनगढ़न्त लेखन के उदाहरण हैं। एर्रियन का कन्धे के लौह-कवच से रक्षित न होने का कथन ठीक नहीं लगता क्योंकि युद्ध में प्रयोग की जाने वाली इन रचनाओं में शरीर के समस्त अंगों की रक्षा का ध्यान रखा जाता है। कन्धों को खुला छोड़ने की चूक किसी हालत में सम्भव ही नहीं मानी जा सकती।

उपर्युक्त तथ्यों को देखते हुए बहुत हद तक सम्भव है कि पुरु की विजय को उन्होंने तोड़-मरोड़ कर सिकन्दर के पक्ष में लिखा हो, सम्भव है कि पुरु ने सिकन्दर को अच्छी तरह पछाड़ दिया हो और उसे पीछे खदेड़ कर अपने राज्य को सुरक्षित रखा हो। पराजित सिकन्दर पुरु से सन्धि करके या तो झेलम से वापस गया या पुरु के राज्य से हटकर अभिसार राज्य में शरण ली हो क्योंकि अभिसार के दो बार आत्मसमर्पण की बात कही गई है, जिसमें एक झेलम-युद्ध से पूर्व[114] और एक उसके बाद[115] की घटना है, सम्भवतः झेलम युद्ध के बाद शरण को यूनानी लेखकों

109. वही, 17.89, इनवेजन, पृ. 277
110. प्लूटार्क, 60, इनवेजन, पृ. 308
111. 12.8, इनवेजन, पृ. 323
112. एर्रियन, 5.18, इनवेजन, पृ. 108
113. कर्टियस, 5.14, इनवेजन, पृ. 212
114. एर्रियन, 5.8, इनवेजन, पृ. 92
115. वही, 5.20, इनवेजन, पृ. 112

ने अभिसार का दूसरी बार आत्मसमर्पण कहा है; अथवा पुरु ने सिकन्दर की सन्धि को अस्वीकार करते हुए उसे खदेड़ा और सिकन्दर ने चिनाब पार कर किसी तरह अपनी रक्षा की। पश्चिम के विजित राज्यों में विद्रोह की स्थिति के कारण वह उधर नहीं जा सकता था। चिनाब तक की यात्रा में पुरु का सन्दर्भ कहीं नहीं आता है, उसका उल्लेख केवल एक बार होता है कि ग्लौसाइ (कलजों) को जीतने के बाद एर्रियन के अनुसार पुरु को जीते गए 37 नगर सौंपे गए[116] और स्ट्रैबो के अनुसार 9 देशों के 500 नगर थे।[117] कलजों से युद्ध में पुरु का कोई सन्दर्भ नहीं है सिवाय कि वह अपने राज्य को जाए एवं हाथियों को लेकर वापस आए।[118] यह सन्दर्भ पुरु को सिकन्दर के साथ होने का संकेत करने के लिए है। अब रही बात पुरु के हाथियों की तो यह स्पष्ट है कि झेलम युद्ध के बाद केवल 80 हाथी बचे थे और उन्हें सिकन्दर ने अपनी सेना में शामिल कर लिया था, तो अब कौन से हाथी थे जिन्हें लाने के लिए सिकन्दर ने पुरु को वापस भेजा। इस गलत बयानी को प्रमाणिक बनाने के लिए यूनानी लेखकों ने पुरु की वापसी सांगल युद्ध के समय कही है लेकिन वह कब और कहाँ पहुँचा और कितने हाथी लाया कुछ नहीं लिखा गया है, सिवाय इसके कि वह अपने शेष हाथियों और 5000 सैनिकों के साथ आया।[119] झेलम से रावी तक की दूरी सामान्य नहीं थी, इस बात का भी ध्यान यूनानियों ने नहीं रखा। सांगल के युद्ध में पुरु के किसी अन्य प्रकार के सहयोग का भी उल्लेख नहीं है। पोरस के किसी क्रियाकलाप का सन्दर्भ व्यास से सिकन्दर की वापसी यात्रा में भी कहीं नहीं आता सिवाय इसके कि वापस चलते समय झेलम से व्यास तक का क्षेत्र पोरस के हवाले किया। इस क्षेत्र के सात देशों के 2000 से अधिक नगरों का उल्लेख है।[120] स्ट्रैबो ने नौ देशों के 500 नगरों की बात कही है।[121] इन नौ अथवा सात देशों के नाम नहीं दिए गए हैं। पोरस और उसके चचेरे भाई के बाद ग्लौसाई एवं कठ ही आते हैं, इस प्रकार कुल चार देश कहे जा सकते हैं जो यूनानी विवरणों को असार्थक सिद्ध करते हैं। यह झूठी हाँक इस बात से ही असत्य है कि सन्दर्भित क्षेत्र में न तो इतने देश और न ही इतनी लड़ाइयाँ व आत्मसमर्पण के उल्लेख के ब्यौरे मिलते हैं। कठों से युद्धोपरान्त पुरु पुनः अपनी सेना के साथ जीते गए नगरों को भेजा जाता है।[122] अपने आत्मरक्षात्मक अभियान में ही सम्भवतः सिकन्दर को कठों से निपटना पड़ा। कठों के बाद सिकन्दर पुनः विजयोन्मादित हुआ और व्यास की ओर आगे बढ़ा,[123] किन्तु उसकी सेना अब हिम्मत हार गई थी और सिकन्दर को व्यास से लौटना पड़ा, यूनानियों ने ऐसा लिखा है।

116. एर्रियन, 5.20, इनवेजन, पृ. 112
117. स्ट्रैबो, 81.15.1.3, दष्व्य इनवेजन, पृ. 112, टिप्पणी।
118. एर्रियन, 5.21, इनवेजन, पृ. 114
119. एर्रियन, 5.24, इनवेजन, पृ. 119
120. एर्रियन, 6.2, इनवेजन, पृ. 133
121. स्ट्रैबो, 15.1.3
122. एर्रियन, 5.24, इनवेजन, पृ. 120
123. वही

आज तक यह बात किसी ने नहीं उठाई कि क्या सिकन्दर व्यास के तट पर पहुँचा था। एर्रियन के सन्दर्भित विवरण में पुरु को विजित नगरों को जाने और सिकन्दर के व्यास की ओर अग्रसर होने की बात कही गई है और इसके तुरन्त बाद अगले अध्याय में सैनिकों को आगे जाने से इनकार की बात कही गई है।[124] एर्रियन ने अध्याय 25 से 28 तक सैनिकों व सिकन्दर के कथोपकथन लिखे हैं और 29वें अध्याय में लौट चलने की बात है। व्यास तक जाने की चर्चा कहीं नहीं की गई है, तो व्यास तक अपने विजय की सीमा और उसके उपलक्ष्य में नदी तीर पर पूजा सम्पन्न करने हेतु वेदिकाएँ बनाने आदि की बात बेमानी है।

कर्टियस ने पुरु की उपस्थिति व्यास-तट पर जताई है जिससे सिकन्दर ने गंगा-घाटी (गंगरिडाइ) के शासक के सैन्य-बल 3000 हाथी वगैरह की सूचनाओं की सत्यता के बारे में पूछा था।[125] ध्यान देने की बात यह है कि-

- सिकन्दर ने पुरु को सांगल-युद्ध के बाद उसे सेना के साथ विजित नगरों को जाने के लिए कह कर अपनी व्यास की यात्रा अकेले ही की थी।[126]

- ऐसी स्थिति में गंगा-घाटी के शासक के सैन्य-बल की सत्यता बताने के लिए पुरु व्यास पर उपस्थित कैसे माना जा सकता है। स्पष्ट ही यह असत्य लेखन है।

कुछ यूनानी विवरणों के अनुसार सिकन्दर व्यास से पुनः झेलम लौटता है और तब अपनी वापसी करता है। गणनाओं के आधार पर सिकन्दर झेलम से व्यास तक लगभग एक माह में पहुँचा और फिर एक ही माह में झेलम लौटा।

व्यास से झेलम आने का विवरण नितान्त गलत है। व्यास जाते समय सिकन्दर को लड़ते-भिड़ते जाना पड़ा और लौटते समय वह निर्द्वन्द्व भाव से लौटा, दोनों ओर की यात्रावधि एक जैसी ही कैसे मानी जा सकती है। व्यास से झेलम लौटने का कोई विशेष विवरण नहीं ज्ञात होता जो इस कथानक को और भी झूठा साबित करता है, अन्यथा विजित राज्यों में सिकन्दर के आवभगत का उल्लेख अवश्य मिलता। अतः ऐसा जान पड़ता है कि सिकन्दर रावी के रास्ते ही स्वदेश लौटा हो। ऐसा मान लेने से वापस जाते समय हुए युद्धों के विवरणों के क्रम में भी कोई अन्तर नहीं पड़ता है। यदि रावी से होकर सिकन्दर का प्रस्थान न माना जाय तो निश्चित ही यह मानना चाहिये कि सिकन्दर पुरु से आगे न बढ़ सका और सारे विवरण प्रक्षिप्त या कल्पित हैं। किसी भी रीति से सिकन्दरी अभियान को आँकें, अन्ततः सिकन्दर एक भगोड़े के रूप में ही प्रस्थान करता है और उसके झेलम युद्ध के बाद का सारा प्रयत्न प्रतिशोध एवं अपनी भगोड़े की स्थिति पर पर्दा डालने के रूप में है। वापसी में मालवों द्वारा प्राण

124. एर्रियन, 5.25, इनवेजन, पृ. 121
125. कर्टियस, 9.2, इनवेजन, पृ. 222
126. एर्रियन, 5.24, इनवेजन, पृ. 120

घातक चोट से उबरने के बाद सिकन्दर द्वारा अपने सैनिकों व साथियों को वीरत्व का पाठ पढ़ाना[127] ऐसा ही उदाहरण है जबकि साथीगण उसके लिए सतर्कतापूर्वक जीवन की रक्षा का भाव प्रकट कर रहे थे जिससे यूनानी सैनिकों की सुरक्षित घर वापसी हो सके-[128]

...we are concerned for your personal safety,

... that there is no one but yourself who can lead us back to our hearths and homes.

प्लूटार्क की कुछ महत्वपूर्ण बातें यहाँ उल्लेखनीय हैं-

- इस इतिहासकार ने झेलम-युद्ध के बाद ही वापसी का अध्याय लिखा है।
- चेनाब पार करने, रावी पर पहुँचने व सांगल-युद्ध एवं व्यास-तट आदि का उसने कोई जिक्र नहीं किया है।
- प्लूटार्क ने सिकन्दरी सेना की हौसलापस्ती का कारण पुरु के युद्ध से छायी निराशा कहा है।[129]

उसके शब्द उद्धरणीय हैं-

The battle with Poros DEPRESSED THE SPIRIT of the Macedonians, and made them very unwilling to advance farther in to India.[130]

सिकन्दर के सैनिकों में मूलतः पुरु के हाथियों का डर घर कर गया था। मगध की विशाल सेना के 3000[131] हाथी अथवा 4000[132] व 6000[133] से जूझने को सोच ही नहीं सकते थे। झेलम-तट के युद्ध में हाथियों से भयाक्रान्त होने के कुछ उद्‌गार यहाँ उद्धृत हैं-

"It is the elephants only which make it impossible for the horses to land on the other bank. The rest of the army can cross over without difficulty." (एरियन, 5.11, इनवेजन, पृ. 98)

Horses would be terrified by these animals. (वही, 5.15, इनवेजन, पृ. 103)

These animals inspired great terror, and their strange dissonant cries frightened not only the horses, which shy at everything, but the men also, and disordered the ranks, so that those who just before were victorious began now to look round them for a place to which they could flee. (कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 211-210)

127. कर्टियस, 9.6, इनवेजन, पृ. 243
128. वही
129. प्लूटार्क, अध्याय 60, झेलम-युद्ध, अध्याय 61, बुकफेला स्मारक और अध्याय 62, सिकन्दर की वापसी, इनवेजन, कमशः पृ. 307, 309, 310
130. वही
131. कर्टियस, 9.2, इनवेजन, पृ. 222
132. डायोडोरस, 17.90, इनवेजन, पृ. 282
133. प्लूटार्क, 62, इनवेजन, पृ. 310

प्लूटार्क ने 'वापसी' को 'पराजय' के ही रूप में उल्लिखित किया है। सिकन्दर की वापसी के विवरण में उसने लिखा है-

...a retreat as tantamount to a confession of defeat. (प्लूटार्क, 62, इनवेजन, पृ. 310)

सिकन्दर की वापसी में भारतीय राजाओं द्वारा किए जाने वाले स्वागत[134] में उरश और अभिसार (अरसकीज एवं अबिसरीज) का नाम आता है। अभिसार राज ने इस समारोह में स्वयं न आकर अपना प्रतिनिधि भेजा था। अभिसार बहुत पहले से ही सिकन्दर की शरण में था। उरश से तो कोई युद्ध हुआ ही नहीं था। कठ और चचेरे पुरु भी शामिल नहीं थे। और झेलम तट का पुरु या पोरस पहले ही जा चुका था। यह स्वागत समारोह विचित्र ही कहा जाएगा। जिस स्थान पर इसका आयोजन था वह अलेक्जाण्ड्रिया के नाम से अध्येताओं द्वारा समीकृत किया गया है[135] और यूनानी इतिहासकारों ने इसे सिकन्दर की आज्ञा से हेफेशियन द्वारा बनाया गया लिखा है।[136] ध्यान देने की बात यह है कि व्यास की ओर जाते हुए सिकन्दर ने किसी प्रकार की ऐसी यादगार निर्मित करने की बात नहीं कही थी सिवाय झेलम तट के अपने घोड़े के मृत्यु स्थान एवं पुरु से युद्ध में अपने विजय की यादगार के लिए बुकफेला एवं निकैया के निर्माण के। कुल मिलाकर इन विवरणों का औचित्य असिद्ध है।

यूनानियों के छद्म-इतिहास की रचना सिकन्दर की झेलम-तट पर हुई हार को छुपा नहीं सकी है। वर्षा का कारण, सैनिकों के कार्य सम्पादन में कठिनाई जैसे बहाने, दिन भर के युद्ध के बाद अन्ततः सायंकाल में घायल-मूर्छित पुरु को सिकन्दर का सन्धि-प्रस्ताव, पुरु की वीरता की प्रशंसा में उसे बन्दी बनाने और उसे मित्र के रूप में उसके राज्य से अधिक भूमि (जिसका वह अधिकारी था ही नहीं) प्रदान करने तथा आगे के अभियानों में स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त पुरु की संलग्नता दिखाने के कल्पित उल्लेख तथ्यात्मक विवेचनों पर खरे नहीं उतरते। इतिहास के पन्नों में अविश्वसनीय घटना-बिन्दुओं को पिरोने के बावजूद झेलम-तट पर सिकन्दर की हार स्पष्ट झलकती है। हार के परिणामस्वरूप ही अपने भयभीत सैनिकों के साथ झेलम-युद्ध के उपरान्त ही सीधे अपने देश के लिए वापसी करता है जैसा कि इतिहासकार प्लूटार्क ने साफ-साफ लिखा है कि झेलम के बाद सिकन्दर पहली लड़ाई भारत की सर्वप्रसिद्ध वीर जन-जाति मालवों से होती है जिन्होंने सिकन्दर पर जानलेवा प्रतिघात किया था-

134. एर्रियन, 5.29, इनवेजन, पृ. 129

135. वही, पाद टिप्पणी 2

136. वही, पृ. 129

136ए. एर्रियन, 5.20, इनवेजन, पृ. 111

136बी. वही, 6.2, इनवेजन, पृ. 133

136सी. डायोडोरस, 17.89, इनवेजन, पृ. 277

136डी. झेलम और चिनाब के प्रदेश को पाचीन काल में केकय कहा जाता था और केकय की राजधानी का नाम वाल्मीकीय रामायण (2.68.6 एवं 21) के अनुसार राजगृह अथवा गिरिब्रज पुर और महाभारत (2.27.15) के अनुसार उस नगर का नाम पौरव पुर था।

After marching thence Alexander, who wished to see the outer ocean, ... and he then fell down the rivers in a leisurely manner ... But he very nearly lost his life when he was amongst the people called the Malloi, who were said to be the most warlike of all the Indians. (प्लूटार्क, 62, इनवेजन, पृ. 311)

प्लूटार्क का यह सशक्त कथन सिकन्दर की व्यास तक जाने और वापसी की समस्त घटनाओं को 'झूठ का पुलिन्दा' सिद्ध करता है। पुरु से हारने के बाद सिकन्दर निश्चित रूप से झेलम तट से ही वापस गया होगा क्योंकि दो यूनानी नगरों की रचना के लिए क्रेटरस के रहने[137] एवं पुरु को समस्त विजित भारतीय राज्यों के शासकों तथा प्रतिनिधियों की सभा में सात देशों का अधिपति बनाने[138] वाले तथा डायोडोरस के अनुसार 30 दिन (एक महीने) तक अपने सैनिकों की दैनन्दिन आवश्यकताओं को जुटाने के लिए यहाँ टिकने वाले[139] सिकन्दर के विवरणों में यूनानी इतिहासकारों ने पुरु के देश की राजधानी[140] का नाम तक नहीं लिखा है।

स्वदेश लौटते समय बीच में ही सिकन्दर की मृत्यु यूनानियों के उन कल्पित एवं भ्रामक कथानकों के गढ़ने के कारण जान पड़ती है।

अपने नायक से विलग होकर स्वदेश पहुँच कर सच्ची बातों का उद्घाटन सम्भवतः उनके साहस के बाहर था। अपनी पराजय को लौटने का कारण कहना उन्होंने अपने नायक एवं अपनी महत्ता को घटाना समझा और फलस्वरूप घटनाओं का विचित्र समायोजन किया। जिससे हारे उस पर विजय की बात कही, जिससे सन्धि की उस पर कृपा करने की बात, भय के कारणभूत हुए कार्यों को अपनी विशेष विवशता कहा जिससे उनकी निरत विजय की बात अधिक प्रामाणिक सिद्ध हो सके। सम्भवतः सच्ची बातें किसी तरह लोक में फूट निकली जो इथियोपिया में सुरक्षित है तथा फिरदौसी और प्लूटार्क को ज्ञात थी।

भारतीय साहित्य में सिकन्दर एवं उसके आक्रमण का कोई जिक्र ही नहीं हुआ है। इसका मुख्य कारण यही अनुमानित किया जा सकता है कि भारत के पश्चिमोत्तरी सीमान्त (हिन्दूकश से झेलम एवं सिन्धु-समुद्र मुहाने तक) पर सिकन्दर की कुल 19 महीनों की हरकतें नगण्यतम रहीं। पुरु का उल्लेख सम्भवतः चन्द्रगुप्त के साम्राज्य की महत् छाया के कारण भारतीय साहित्य में न हो सका। अपने राज्य के उद्भावक एवं उन्नायक के रूप में पुरु ही ऐतिहासिक पृष्ठों में दृष्टिगत है, वह लगभग 317 ई.प. में यूडेमस के षड्यन्त्रों से काल-कवलित हुआ था।[141]

137. वही, पृ. 406
138. एर्रियन, 5.15, इनवेजन, पृ. 120
139. डायोडोरस, 17.59, इनवेजन, पृ. 276
140. बन्बरी, हिस्ट्री ऑफ एंशिएण्ट ज्यॉग्रैफी, भाग 1, पृ. 453
141. कर्टियस, 8.14, इनवेजन, पृ. 214

पुरु के सम्भवतः 3 पुत्रों में से एक मुख्य-युद्ध के पूर्व के रण में वीरगति पा चुका था,[142] शेष 2 पुत्र मुख्य-युद्ध में वीर गति पाए थे।[143]

यूनानी इतिहासकारों में अपने विजेता को महिमा-मण्डित करने का आग्रह था। बन्बरी ने सिकन्दर के इतिहासकारों पर अपने नायक को महिमा-मण्डित करने के लिए प्राप्त तथ्यों का बिना किसी विचार-मन्थन के स्वीकारने का आरोप लगाया है। झेलम से रावी तक के क्षेत्र में 5000 बड़े-बड़े नगरों का उल्लेख एवं झेलम से चेनाब के बीच लगभग 40 मील चौड़े क्षेत्र में 3000 नगरों के होने की स्ट्रैबो द्वारा दी गई जानकारी को इतिहासकारों ने ललचाए भाव से ग्रहण किया कि उनके विजेता की महानता गाई जा सके-

"When the Greek writers tell us that the district between the Hydaspes and the Hyphasis alone contained 5000 cities(!), none of which was less than that of Cos (Strabo, xv. p. 686), and that the dominions of Poros, which were confined between the Hydaspes and the Acesines - a tract not more than 40 miles in width - contained 300 cities (id. p. 698), it is evident that the Greeks were misled by the exaggerated report so common with all Orientals, and which were greedily swallowed by the historians and Alexander with a view of magnifying the exploits of the great conqueror."[144]

सिकन्दर को महिमा-मण्डित करने का उद्देश्य अनेक स्थानों पर इतिहासकारों के लेखन में भी परिदर्शित है। सिकन्दर के इतिहासकारों के स्वयं की वाक्यावलियों में भी उसे महिमा-मण्डित करने के अनेकशः सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। कर्टियस का यह वाक्य विशेषतः द्रष्टव्य है-

'In fact, he thought that the fabric of his fame might be pulled down by his own people, while it could but receive enhanced lustre the greater those were whom he vanquished.'[145]

डोयोडोरस की लेखनी से पुरु और सिकन्दर का इतिहास सिकन्दर की भारत से वापसी के 263 वर्ष बाद लिखा जाना आरम्भ होता है।

मूल-स्रोतों के अभाव एवं 263 वर्ष बाद इतिहास लिखा जाना आरम्भ होने और उसमें भी सिकन्दर के महिमा-मण्डित किए जाने के तथ्य स्पष्ट ही संकेत करते हैं कि सत्यशः घटनाक्रमों का इतिवृत्त सम्भव नहीं, इसी कारण यूनानी इतिहासकारों के भारत सम्बन्धी विविध विवरण ऐसे हैं जिसमें अनेकशः विपर्यय हैं। वर्तमान में इतिहास की सत्यशः पुनर्रचना के लिए तथ्यों को छान कर उपस्थित करने का कार्य-सम्पादन किया गया है।

झेलम-युद्ध के अन्तिम समय के सिकन्दर और पुरु के वार्तालाप का कर्टियस ने एक अलग ही विवरण दिया है- 'सिकन्दर ने पुरु से पूछा कि तुम्हें क्यों कर हनक सवार था कि मुझसे युद्ध ठाना, तो पुरु ने उत्तर दिया कि मैं मानता था कि मुझसे बढ़ कर कोई दूसरा वीर नहीं है किन्तु तुम्हारा अनुभव नहीं था, युद्ध के बाद ज्ञात हुआ कि तुम मुझसे अधिक वीर हो फिर भी तुम्हारे बाद मैं ही हूँ।' इस कथोपकथन का यदि उपर्युक्त गवेषणापूर्ण विशद

एवं गहन विचारणाओं के सन्दर्भ में आकलन किया जाय तो यह निष्कर्ष स्पष्ट रूप से उभरता है कि वार्तालाप के पात्रों को एक दूसरे के स्थान पर यदि प्रत्यावर्तित कर दिया जाय अर्थात् सिकन्दर के स्थान पर पुरु और पुरु की जगह पर सिकन्दर को रखें तो सत्य घटना की अनुभूति हो सकेगी, क्योंकि तभी सिकन्दर झेलम तट से ही अपने भयभीत सैनिकों के साथ सीधे समुद्र के लिए रवाना हुआ जैसा कि प्लूटार्क ने लिखा है।

वैदिक वाङ्मय में नारी-चिन्तन

डॉ. रसाल सिंह[1]

प्रत्येक संरचना एवं सृजनता के आधार में न्यूनतम दो शक्ति या तत्व अवश्य होते हैं। 'अग्नीषोमात्मकं जगत' के अनुसार भी यह जगत अग्नि और सोम रूप है अर्थात् संसार का आधार ये दोनों तत्व हैं। प्राणिक जगत की संरचना का आधार भी दो तत्व हैं और ये दो तत्त्व स्त्री तथा पुरुष हैं। इस प्राणी समाज के अजस्र विकासक्रम के लिए दो तत्वों की ही आवश्यकता होती है जो गुण, कर्म, स्वभाव तथा शक्ति-सामर्थ्य के कारण पृथक् परन्तु आत्मिक रूप से समान तथा परस्पर एक दूसरे के पूरक हैं। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की विद्यमानता भी विभिन्न गुण, शक्ति सामर्थ्य से युक्त पृथक्-पृथक् पदार्थों की परस्पर पूरकता के कारण ही है। सभी नक्षत्र, ग्रह, उपग्रह आदि एक दूसरे की आकर्षण शक्ति के कारण अपने नियम में बंधे हैं और इसी कारण ब्रह्माण्ड अस्तित्व में है ।समाज के अभ्युदय तथा अस्तित्व में स्त्री तथा पुरुष का योगदान परस्पर अतुलनीय है, उनकी परस्पर तुलना करना चिंतन की अल्पज्ञता का द्योतक है, क्योंकि आत्म-तत्व समान होते हुए भी शारीरिक स्तर पर भेद है। दोनों में आत्म-तत्व के समान होने के कारण उनके मौलिक अधिकारों में भेद नहीं है । समाज के निरंतर विकास के लिए शारीरिक स्तर का यह भेद आवश्यक भी है और इसी भेद के कारण उनके कार्यों, दायित्वों में भी भेद है । बृहदारण्यक उपनिषद् में बड़े ही सुन्दर आख्यान से समाज के विकास के लिए इन दोनों तत्वों की आवश्यकता को समझाया गया है कि एकाकी आत्मतत्व इस संसार में रमण नहीं कर सका तो दूसरे की इच्छा रखते हुए वह आत्मतत्व दो रूपों पति और पत्नी के रूप में परिवर्तित हुआ।[2]

भाषा-विज्ञान के अनुसार कालानुसार शब्दों के अर्थ का संकुचन तथा विस्तार होता रहता है जैसे- संस्कृत साहित्य में 'मृग' शब्द पशु-जाति के लिए प्रयुक्त हुआ है, परंतु हिंदी भाषा में यह 'हिरण' का वाचक है। इसी प्रकार वैदिक वाङ्मय में 'पुरुष' शब्द आत्म-तत्व के लिए प्रयुक्त हुआ है, जो बाद में पुरुष शरीर का वाचक हो गया ।आत्मा और प्रकृति का स्वरूप-प्रतिपादन सांख्य दर्शन का मुख्य विषय है, जिसमें आत्मा के लिए पुरुष शब्द का प्रयोग किया गया है तथा योगदर्शन में भी ईश्वर के लिए महर्षि पतंजलि ने 'पुरुष-विशेष' शब्द का प्रयोग किया है ,क्योंकि

1. असिस्टेंट प्रोफेसर, किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-07

2. आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः... स वै नैव रेमे ... स द्वितीयमैच्छत् .... स इममेवात्मानं द्वेधापातयत् ततःपतिश्च पत्नी चाभवताम्। वृहदारण्यक उपनिषद्, 1/4/1

पुरुष शब्द का अर्थ है – 'यः पुरि शेते इति पुरुषः' अर्थात् जो (पुरि) शरीर में (शेते) निवास करता है और वह आत्मतत्व ही है, जो नर तथा नारी दोनों शरीरों में निवास करता है। अतः पुरुष शब्द स्त्री तथा पुरुष दोनों का वाचक है। इसी प्रकार पुत्र शब्द भी पुत्र तथा पुत्री दोनों को समाविष्ट करता है। इसलिए वैदिक वाङ्मय में उपदिष्ट ज्ञान पुरुष अर्थात् आत्मा मात्र के लिए है। जहाँ बाह्य शारीरिक भेद के कारण अलग-अलग उपदेश की आवश्यकता है वहां नर तथा नारी को विभिन्न अभिधानों से संबोधित कर उनके गुण और कर्तव्य बताये हैं, यथा- नारी के लिए - भगिनी, पत्नी, जाया, योषा, माता, पुत्री, शिक्षिका, सेनानी आदि संबोधनों के माध्यम से अनेक मंत्रों द्वारा उसके लिए उपदेश किया गया है।

भारतीय चिन्तन-परम्परा में समाज में पुरुष और स्त्री का परस्पर प्रतिस्पर्धात्मक तुलनात्मक स्थान न होकर दोनों परस्पर विभिन्न गुणों से युक्त होने के कारण एक दूसरे के पूरक हैं। पुरुष में अग्नि-तत्व की प्रधानता है तो स्त्री में सोम-तत्व की, पुरुष द्युलोक के समान है तो स्त्री पृथ्वी है, पुरुष दिन है तो स्त्री रजनी, पुरुष शरीर की संरचना के कारण बाह्य प्रवृति प्रधान है तो स्त्री आतंरिक, पुरुष बीज के सामान है तो स्त्री भूमि है ।स्त्री का स्थान पुरुष के बराबर, कम या नगण्य नहीं अपितु उसको अधिक सम्मान दिया जाता है। वेद, ब्राह्मण-ग्रन्थ, सूत्र-ग्रन्थ तथा स्मृति-ग्रंथ आदि साहित्य ग्रंथों में स्त्रियों के महत्व, गुण, कर्म, समाज में स्थान और उनके गौरव का गुणगान किया है । छान्दोग्योपनिषद् तत्कालीन समाज में नारी के सम्मान, उदात्त चरित्र और नैतिक आदर्शों की उज्ज्वलता को दर्शाता है। मन्त्र में राजा अश्वपति घोषणा करता है कि मेरे राज्य में (स्वैरी) अमर्यादित पुरुष नहीं है तो (स्वैरिणी) अमर्यादित स्त्री कहाँ से होगी?[3] तात्पर्य है कि पुरुष की अमर्यादा पर ही स्त्री का अमर्यादित आचरण आधारित माना जाता था। राजा को यह विश्वास है कि स्त्री स्वेच्छा से उल्लंघन नहीं करती। उस समाज में किसी भी प्रकार का कदाचार उसके सम्मान को कलंकित नहीं करता था। मनु के अनुसार भी जिस समुदाय में स्त्री का सम्मान होता है, वहाँ सब कार्य पूर्ण होते हैं और देवता निवास करते हैं।[4] महाभारत के अनुशासन पर्व में भी कहा गया है कि - हे राजन्! स्त्रियों का सदा सत्कार और लालन करना चाहिए, क्योंकि जहाँ उनका आदर नहीं होता वहाँ सब कार्य विफल हो जाते हैं।[5]

ऋग्वेद में स्त्री को ब्रह्मा कह कर उसके गौरव का वर्णन किया है कि जिस प्रकार ब्रह्मा ज्ञान तथा जगत-उत्पत्ति का आधार है,उसी प्रकार स्त्री भी सन्तान की सर्वतोमुखी उन्नति करने के कारण परिवार तथा समाज के विकास का आधार है।[6] स्त्री पर घर की व्यवस्था, संचालन, निरीक्षण तथा समुन्नयन का दायित्व होने के कारण उसको ही

3. न मे स्तेतो जनपदे न कदर्यो न मद्यपः। न नानाहिताग्निर्नाविद्वान् न स्वैरी स्वैरिणी कुतः छान्दोग्योपनिषद् - 5/11
4. यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।। मनुस्मृति - 3/56
5. पूज्या लालयितव्याश्च स्त्रियो नित्य जनाधिप।। महाभारत - 46/5
6. स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ - ऋग्वेद - 8/33/19

घर कहा गया है- 'जायेदस्तम्'[7] (जाया) पत्नी (इत्) ही (अस्तम्) घर है। वह घर की देख रेख करने के कारण मात्र सेविका न होकर गृहस्वामिनी या सम्राज्ञी कहलाती है। घर के निर्णय लेना का भी अधिकार स्त्री को है जैसे अथर्वेद[8] के मन्त्र में पत्नी का कथन है कि यहाँ (घर) मैं बोलती हूँ तुम नहीं ... और वह मात्र परिवार की ही नहीं अपितु कुल की भी पालिका या रक्षक है।[9]

शतपथ ब्राह्मण[10] के अनुसार बिना पत्नी के पुरुष अपूर्ण है। तैत्तिरीय ब्राह्मण में स्त्री का लक्ष्मी के समान आदरणीय स्थान बताया तथा पुरुष की सहधर्मिणी होने के कारण उसके बिना किए गए धार्मिक अनुष्ठान अपूर्ण माने जाते हैं।[11] स्त्री अपने सरलता, सरसता, ममता, सहिष्णुता, शालीनता, मृदुता और प्रसन्नचित्तता आदि गुणों के कारण गृहस्थ रूपी वृक्ष तथा सुख का मूल है।[12]

वेदों तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में उसके किसी भी प्रकार के अपमान और ताड़न को अशिष्ट बताया है। अथर्ववेद में कहा गया है कि कुमारी की किसी भी प्रकार की हिंसा नहीं करनी चाहिए।[13] शतपथ ब्राह्मण[14] में भी स्त्री-हिंसा का निषेध किया गया है। इस प्रकार वैदिक साहित्य में नारी को उसके गुणों के कारण परिवार, समाज तथा कुल का वैभव, प्रतिष्ठा, आमोद-प्रमोद का आधार बता कर उसको आदरणीय, वन्दनीय स्थान दिया है।

प्राचीन काल में नारी शस्त्र-शास्त्र की वेत्ता, मन्त्र-द्रष्टा ऋषिका, शास्त्रार्थ में निपुण, ब्रह्मवादिनी होने के साथ साथ विविध विद्याओं से विभूषित होती थी। वेदों में श्रद्धा सूक्त जैसे दार्शनिक सूक्त, भाषा-विज्ञान जैसे वाक् सूक्तों की लोपामुद्रा, विश्ववारा, घोषा, अपाला, आत्रेयी, अदिति, गोधा आदि लगभग 30 ऋषिकाओं के 225 मंत्र नारी के दार्शनिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक चिंतन के परिचायक हैं। उपनिषत्काल में भी समाज में गार्गी और याज्ञवल्क्य का शास्त्रार्थ नारी की विद्वत्ता तथा मैत्रेयी द्वारा आत्मा का स्वरूप जानना नारी के आध्यात्मिक स्तर का प्रतिनिधित्व करता है। नारी शिक्षा के साथ साथ विविध प्रकार के गायन, वादन, नृत्य आदि ललित कलाओं में भी प्रवीण होती थीं और उस समय पूर्ण ब्रह्मचर्य का व्रत लेकर शिक्षा ग्रहण करके युवा होकर पति का चयन करती थी।[15] अथर्ववेद के ही अन्य मन्त्र में युवक और युवती दोनों को परस्पर एक दूसरे की इच्छा रखते हुए विवाह करने का निर्देश दिया

7. ऋग्वेद - 3/53/4
8. अहं वदामि नेत् त्वम् .... अथर्ववेद - 7/38/4
9. 'एषा ते कुलपा राजन्' - अथर्ववेद - 1/14/3
10. यावत् जायां न विन्दते, असर्वो हितावद् भवति। शतपथ ब्राह्मण - 5/2/1
11. अयज्ञो वा एषः योऽपत्निकः - तैत्तिरीय ब्राह्मण - 2/2/6
12. 'स्योना भव श्वशुरेभ्यः ...' अथर्ववेद - 14/2/27
13. ह्वा हिंसिष्ट कुमार्यम् । अथर्ववेद - 14/1/63
14. न वै स्त्रियं घ्नन्ति - शतपथ ब्राह्मण - 11/4/3/2
15. 'ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्'। अथर्ववेद - 11/5/19

है।[16] इससे ज्ञात होता है कि वैदिक समाज में कन्या विद्या-ग्रहण कर अपनी इच्छानुसार विवाह करने का अधिकार रखती है।

भारतीय नारी ललित विद्या कला-कौशल तथा सुगृहिणी होने के साथ साथ वह रणक्षेत्र, सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान करती थी। यजुर्वेद के अनुसार स्त्री और पुरुष दोनों ही शासक चुने जा सकते थे और यदि पति शासक है तो पत्नी दूसरों को राजनीति का ज्ञान देती थी। राष्ट्र को कुशल नेता, विद्वान, वरणीय, चरित्रवान संतान देने के कारण वह वीरप्रसवा है तथा अपने क्षात्र बल के कारण स्वयं युद्ध में भाग लेने और आवश्यकता पड़ने पर बलिदान करने के कारण वीरांगना है। वेद में सेना की नायिका को इन्द्राणी कहा गया है तथा मन्त्र में सेनापति के रूप में नारी से अजेय होकर आगे चलने के लिए प्रार्थना की गई है।[17] यजुर्वेद में भी स्त्री को क्षात्रबल की आधार बताया गया है।[18] भारतीय नारी शक्तिमती, सुव्रती पुत्रों की माता, शत्रु से पराजित न होने वाली रही है। वैदिक नारी स्वयं कहती है कि मेरे पुत्र शत्रुहन्ता और पुत्री तेजस्विनी हैं और मैं पूर्ण विजेत्री हूँ।[19] ऋग्वेद के ही अन्य मन्त्र में अखण्ड स्वाभिमानी विदुषी नारी को राष्ट्र की ध्वजा, समाज की मूर्धा, वाणी में बल रखने वाली तथा शत्रु-सेना को पराजित करने वाली कहा है- अहं केतुरहं मूर्धा.....।

इस प्रकार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य नारी के उदात्त गुणों का अनेकविध वर्णन करता है। भारतीय नारी देवी, पूज्या, रमणीय, यशोमयी, विदुषी, वीरांगना, शिक्षिका, सुगृहिणी,सम्राज्ञी, वीरप्रसवा है। वास्तव में, समुन्नत राष्ट्र या यूँ कहें कि मानवोन्नति की आधार नारी ही होती है। मनुष्य निर्माण के सबसे बड़े उतरदायित्व का प्रारम्भ स्वाभाविक रूप से उसी के गर्भ में होता है। इसीलिए वेद उसको ब्रह्मा कहता है। यजुर्वेद में उसे पुरन्धि कहा है - 'पुरंधिर्योषा' क्योंकि वह सुभग नारी ही राष्ट्र की आधार है। वैदिक साहित्य स्त्री को किसी भी प्रकार के अधिकारों से वंचित नहीं रखता है। ऐसा कौन-सा कार्य है जो वह नहीं कर सकती? वह आवश्यकतानुसार सब कार्य सहजता से कर सकती है, परन्तु 'माता निर्माता भवति' इस उक्ति को सार्थक करने के कारण वह समाज में परम वन्दनीय है।

16. एयमगन् पतिकामा जनिकामोऽहमगामम् ... अथर्ववेद - 2/30/5
17. इंद्राण्येतु प्रथामाऽजीताऽमुषिता पुरः - अथर्ववेद, 1/27/4
18. क्षत्रस्य योनिरसि - यजुर्वेद, 10/26
19. मम पुत्राः शत्रुहनो अथो मे दुहिता विराट् । ऋग्वेद, 10/159/3

वर्त्तमान सन्दर्भों में पं. दीनदयाल उपाध्याय

अजीत प्रताप सिंह[1]

'दीनदयाल जी के राजनीतिक क्षेत्र में जाने के बाद (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक) श्री गुरूजी ने उनसे यह विषय छेड़ा कि केवल एक राजनीतिक पार्टी या संगठन बनाने से काम नही चलेगा। आज विश्व में जो दो विचारधारायें चल रही है एक समाजवाद और साम्यवाद की जिसमें सरकार ही सब कुछ है, व्यक्ति निरुपाय होकर उसकी आज्ञा का पालन करता है, और दूसरी, अमेरिका का पूँजीवाद जिसमें व्यक्ति ही सब कुछ है समाज की कोई विशेष चिंता नही दिखती है। इसके अतिरिक्त कोई तीसरी विचारधारा आपको प्रतिपादित करनी पड़ेगी जो भारत के मूल स्वभाव से सुसंगत हो। उसी के परिणाम स्वरूप जीवन के अंतिम वर्षों में एकात्म मानववाद का हरेक क्षेत्र में कैसा रूप होगा यह सिद्धान्त लेकर उन्होंने अर्थनीति, सामाजिक नीति आदि का प्रतिपादन किया।'[2]

दीनदयाल उपाध्याय जी की दूरदृष्टि के कारण उनके विचार कालजयी हैं, जिसका परिणाम है कि उनके द्वारा दिये गए विचारों के पाँच दशक गुजर जाने के बाद, आज भी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में जब भी समग्र दृष्टि से राष्ट्र चिंतन के आधार पर योजना निर्माण के लिए विचार किया जाता है तो या तो योजनाकर्ता के विचार सहज ही दीनदयाल जी के विचारों के आसपास होते हैं या फिर दीनदयालजी के विचार उनका मार्गदर्शन करते हैं। इसका कारण है कि सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में देश के विभिन्न प्रांतों में घूम-घूम कर उनके द्वारा तत्कालीन आर्थिक परिस्थिति को गहराई से देखना। उन्होंने 'पार्टी के आर्थिक दर्शन पर विचार करने के लिए कोलकाता में निरंतर तीन वर्ष तक अर्थशास्त्र से संबंधित पुस्तकों का गहन अध्ययन और मनन किया।'[3] परिणामस्वरूप उन्होंने जब आर्थिक विषयों पर लिखा तब एक अर्थशास्त्री के रूप में अपने विचार दिया। उनके आर्थिक विचार चाहे कृषि पर हों, चाहे रोजगार पर हों, चाहे औद्योगिक क्षेत्र पर हों उनके अध्ययन से ऐसा स्पष्ट होता है कि औपनिवेशिक सत्ता से मुक्त होने के बाद आज से लगभग पांच दशक पूर्व नये भारत निर्माण को लक्ष्य बनाकर तत्कालीन सरकार द्वारा जो योजनाए बन रही थीं उन पर वे एक ओर सुधारात्मक विरोध कर रहे थे तो साथ ही योजनाओं के भविष्य में होने वाले नकारात्मक परिणामों से भी आगाह कर रहे थे, जो भविष्य में सत्य सिद्ध हुई।

1. शोधछात्र, अर्थशास्त्र विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

2. देवेन्द्र स्वरूप व ब्रजकिशोर शर्मा, हमारे रज्जू भैया, प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली, पेज -121

3. डॉ श्रीकांत, 'उनके लिए मशीन थी पत्रकारिता', मीडिया विमर्श- त्रैमासिक पत्रिका, अक्टूबर-सितंबर, 2014, पेज-11

साम्यवाद तथा पूंजीवाद

बीसवीं सदी के मध्य में दुनिया के तमाम देशों में पूंजीवाद और साम्यवाद के आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर बहस हो रही थी। यह वही दौर था जब भारत सहित अनेक अफ्रीकी और एशियाई देश औपनिवेशिक सत्ता की गुलामी से मुक्त हो रहे थे या हो गए थे। प्रत्येक देश नई ऊर्जा के साथ अपने राष्ट्र निर्माण पर लगा हुआ था। इन दोनों दृष्टिकोण के हिमायती भारत में भी कम नहीं थे, साथ ही दुनिया में अमेरिका और सोवियत संघ के द्वारा अपनी विचारधारा को नव उपनिवेशवाद के रूप में देखते हुए साम्यवाद और पूंजीवाद के अनुकूल प्रायोजित रूप से तर्कों को गढ़ा जा रहा था। परंतु दीनदयाल जी के अनुसार यह दोनों पाश्चात्य विचारधारा भारत के अनुकूल नही हैं और उनकी दृष्टि में साम्यवाद और पूंजीवाद के बीच में मूल मतभेद स्वामित्व के स्वरूप को लेकर था। इनकी प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और कार्यपद्धति एक सी है। उनका कहना था कि 'उत्पादन पर अधिक बल देने के कारण अमेरिका आदि देशों में पूंजीवाद का प्रसार हुआ। नवाविष्कृत-यंत्र इस वृद्धिगत उत्पादन के कारण बने और इन यंत्रों के स्वामी ही उत्पादन के स्वामी भी बन गये। लाभ में जब श्रमिकों को भाग नहीं मिला तब उनमें प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई और उन्होंने एक नयी प्रणाली साम्यवाद का विकास किया, जिसमें पुनः वितरण पर ही अधिक बल दिया गया।'[4] परंतु इसकी क्या गारंटी है कि यदि कोई व्यक्ति निजी क्षेत्र में स्वतंत्र रहकर बुराई करता है तो उसके स्थान पर राज्य का व्यक्ति बैठा देने पर बुराई नहीं फैलेंगी?[5]

दीनदयालजी ने एकात्म मानववाद में कहा है कि 'पूंजीवाद और समाजवाद इन दोनों ही व्यवस्थाओं में मानव के सही एवं पूर्ण रूप को नहीं समझा गया। एक में उसे स्वार्थी, अर्थपरायण, संघर्षशील एवं मत्स्यन्याय-प्रवण प्राणी माना गया है तो दूसरी में व्यवस्थाओं और परिस्थितियों का दास, अकिंचन एवं अनास्थामय माना गया है। शक्तियों का केंद्रीकरण दोनों में अभिप्रेत है। फलतः दोनों का परिणाम अमानवीकरण में हो रहा है।'[6] समाजवाद अफसरीकरण का ही दूसरा नाम है।[7] व्यक्तिगत स्वतंत्रता का विचार लेकर चलने वाले प्रजातंत्र ने यदि एक 'अर्थ मानव' की सृष्टि की तो साम्यवाद ने एक 'सामान्य जन' की उत्पत्ति की। यह सामान्य जन भगवान की सृष्टि नहीं बल्कि राज्य द्वारा रचा जाता है।[8] 'पूंजीवादी अर्थव्यवस्था पहले आर्थिक क्षेत्र पर आधिपत्य जमाकर फिर परोक्ष रूप से राज्य पर अधिकार करती है। तो समाजवाद राज्य को ही संपूर्ण उत्पादन के साधनों का स्वामी बना देता है। दोनों

4. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राष्ट्र चिंतन, लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ सितंबर 2014 पेज 72
5. वही पेज 77
6. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, एकात्म मानव दर्शन, सुरुचि प्रकाशन केशव कुंज झंडेवाला नई नई झंडेवाला नई नई दिल्ली 2012, पेज नंबर 74
7. पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा पांचवा संस्करण लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ 2014 पेज 127
8. वही पेज 126

व्यवस्थाएं व्यक्ति के प्रजातंत्रीय अधिकार और उसके स्वस्थ विकास के प्रतिकूल है। अतः हमें विकेंद्रीकरण के साथ-साथ शक्तियों के विभक्तिकरण का भी विचार करना चाहिए।'[9] दीनदयालजी ने इन दोनों विचारधाराओं को भारतीयता के अनुकूल न होने के कारण नकार दिया था, साथ में उन्होंने इन दोनों में व्याप्त दुर्गुणों के बारे में भी विस्तार से लिखा था। दीनदयालजी ने एकात्मता मानववाद में कहा है कि 'दो शब्दों का प्रयोग कर अपनी अर्थव्यवस्था की दिशा में परिवर्तन को बताना हो तो वे है - विकेंद्रीकरण और स्वदेशी।'[10]

दीनदयालजी का मानना था कि जिस प्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्था ने प्रत्येक व्यक्ति को शक्ति प्रदान की है, जिससे वह देश की सत्ता पर कौन बैठेगा इसका निर्धारण करते हैं, उसी प्रकार आर्थिक क्षेत्र में भी विकेंद्रीकरण हो जिससे देश की अर्थव्यवस्था का निर्माण और संचालन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी हो सके। पूंजीवाद और समाजवाद दोनों केंद्रीकरण के हामी हैं। वह लिखते हैं कि 'राजनीति में व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता को जिस प्रकार तानाशाही नष्ट करती है, उसी प्रकार अर्थनीति में व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता को भारी पैमाने पर किया गया औद्योगीकरण नष्ट करता है। ऐसे उद्योगों में व्यक्ति स्वयं भी मशीन का एक पुर्जा बनकर रह जाता है। इसलिए तानाशाही की भांति ऐसे औद्योगीकरण भी वर्जनीय है।'[11] 'जब टाटा-बिरला, व्यक्ति-स्वतंत्रता या मुक्त प्रेरणा की बात करते हैं तो उसका अभिप्राय होता है, उनकी अपनी स्वतंत्रता, उनके कारखानों में गुलाम बने हुए लाखों करोड़ों मजदूरों की स्वतंत्रता नहीं। हमें तो लाखों करोड़ों मानवों की स्वतंत्रता का विचार करना है।[12] आर्थिक क्षेत्र में व्यक्ति की यह रचनाशक्ति तभी प्रकट हो सकती है, जब विकेंद्रीकरण के आधार पर उद्योगों की व्यवस्था हो।

दीनदयालजी ने अपने औद्योगिक नीति में पहले तो पूंजीवाद और समाजवाद की विचारधारा को स्वीकार किया, उसके बाद उन्होंने उद्योगों के आकार और उनके स्वामित्व पर विचार किया। दीनदयालजी विकेन्द्रित लघु उद्योग के पक्ष में थे, वह बड़े उद्योगों के पक्ष में नहीं थे। देश काल परिस्थिति के अनुसार उन्होंने बड़े उद्योगों पर असहमति के साथ तर्क दिये उनका यह कहना था- बड़े उद्योग पूँजी प्रधान होने की वजह से देश के प्रत्येक व्यक्ति को काम नहीं दे सकते हैं।

- बड़े उद्योग के लिए आवश्यक पूँजी देश के सामर्थ्य के बाहर है।
- देश में उपलब्ध प्रबंध और श्रमिक प्रशिक्षण से मेल नहीं खाते हैं।
- श्रमिकों को कुटुंब, कुल, जाति, ग्राम से अलग कर नए कृत्रिम, बोझिल और मानव मूल्य रहित वातावरण पर खड़ा कर देते हैं। बड़े उद्योग आयात पर निर्भर हैं।

9. वही पेज 32
10. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, एकात्म मानव दर्शन, सुरुचि प्रकाशन केशव कुंज झंडेवाला, नई दिल्ली 2012, पेज नंबर 76
11. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राष्ट्र चिंतन, लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ सितंबर 2014 पेज 78
12. वही

- नगरीकरण के फलस्वरूप स्वास्थ्य आवास आदि की व्यवस्था पर भारी व्यय करना भी संभव नहीं हो पाता।
- भारी उद्योग कृषि का निकट संबंध नहीं बैठाया जा सकता। दोनों के बीच की दूरी में मध्यस्थ का जन्म होने की प्रबल सम्भवना है। भारत में व्यापक मात्रा में कृषि होने के कारण खेतों में कुछ समय के लिए भारी संख्या में श्रमिकों की आवश्यकता होती है, शेष समय वह खाली रहते हैं जिससे गांव से मजदूर वर्ग को हटाकर शहरों में ले जाना कृषि के लिए घातक होगा।
- स्थानीकरण (कंपनियों के एक स्थान पर आबद्ध होने) से देश के यातायात के साधनों में बहुत भार पड़ेगा!
- अगर केंद्रीकृत बड़े उद्योग स्थापित किये जाते हैं तो हमें समानता और न्याय की बातें छोड़नी पड़ेगी, क्योंकि पूंजी प्रधान बड़े उद्योगों के लिए यदि धन चाहिए तो पूंजी बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पास छोड़नी होगी।[13]

दीनदयालजी का मानना था कि हमें औद्योगिक क्षेत्र में उसी प्रणाली को स्वीकार करना चाहिए 'जिसमें हम कुटुंब की इकाई को ही उत्पादन की इकाई बना सकें। उद्योग में भी कुटीर और छोटे-छोटे उद्योग, जो घर में ही चलाये जा सकते हों हमारे व्यापक औद्योगीकरण के कार्यक्रम होंगे। हाँ इसमें हम अच्छी से अच्छी मशीन और बिजली का उपयोग कर सकते हैं।[14] इसी में मालिक, मजदूर, उत्पादक, उपभोक्ता आदि के पारस्परिक संबंधों का ठीक-ठीक निर्धारण हो सकेगा।'[15]

आर्थिक समानता के लिए समाजवादियों ने निजी संपत्ति को बुराई के रूप में देखते हुए, व्यापक राष्ट्रीयकरण की बात कही। दीनदयालजी ने इसे अस्वीकार किया। वह पूंजी के एकत्रीकरण के पक्ष में नहीं थे, लेकिन समाजवादी विचारधारा के अनुकूल संसाधनों के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में भी नहीं थे, और भारतीय संस्कृति में यह संभव भी नही है। उनका मानना था कि पूंजीवाद में जहां एक व्यक्ति का स्वामित्व होता है वहीं पर समाजवाद में व्यक्ति समूह का स्वामित्व हो जाता है, इसलिए वह कहते हैं कि 'निजी संपत्ति के कारण बुराइयां उत्पन्न होने पर भी हम उसका बहिष्कार नहीं कर सकते हैं। हमें निजी संपत्ति की मर्यादा अवश्य स्थापित करनी होगी। विकेंद्रीकरण इन मर्यादाओं की स्थापना का ही कार्यक्रम है।'[16]

दीनदयालजी का मत था कि जहां पर कच्चे माल उपलब्ध हो वहीं उद्योगों को स्थापित करना चाहिए, इससे यातायात की लागत तो घटेगी ही, वहीं दूसरी ओर उद्योगों को कच्चे माल को प्राप्त कराने के लिए बिचौलियों की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उपभोक्ता को वाजिब कीमत पर वस्तुएं उपलब्ध होंगी। कच्चे माल के उत्पादकों को

13. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा, पांचवा संस्करण, लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ, 2014, पेज-122
14. वही पेज 127
15. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राष्ट्रीय जीवन की दिशा, लोकहित प्रकाशन-संस्कृत भवन राजेंद्र नगर लखनऊ, अक्टूबर 2010 पेज नंबर-126
16. वही पेज 126

भी उनके उत्पाद का ठीक मूल्य मिले सकेगा और उद्योग के स्वामी को भी कच्चा माल उचित कीमत उपलब्ध होगा। लेकिन ऐसी स्थिति में बड़े उद्योग उपयोगी नहीं होंगे, विकेंद्रीकृत उद्योग प्रणाली को अपनाना होगा। दीनदयाल जी के इन विचारों से इतर औद्योगिक नीति में जिस प्रकार बड़े उद्योगों को महत्व दिया गया उससे बड़े उद्योगों ने पर्याप्त किसानों और उपभोक्ताओं के शोषण के रास्ते खोले हैं। वर्तमान में किसानों की फसल का उचित मूल्य न मिलना, जबकि उनसे प्रसंस्करित उत्पादों की कीमत में अत्यधिक अंतर है इसका उदाहरण है।

सामान्यतः पूर्वाग्रह से ग्रसित बड़े उद्योगों के हिमायती देश की विशाल जनसंख्या की आवश्यकता और पूर्ति अंतर को तर्कों के आधार पर प्राथमिकता से रखते हैं। उनका यह मानना है कि देश में जितनी आवश्यकता है उसकी पूर्ति छोटे उद्योगों से नहीं हो सकती है दूसरा छोटे उद्योगों की उत्पादन लागत बड़े उद्योगों की अपेक्षा बहुत अधिक होती है। दीनदयालजी ने इसको भी अस्वीकार किया, 'सत्य तो यह है कि किफायतें बड़े पैमाने पर उत्पादन से नहीं, अधिक उत्पादन के कारण होती हैं। अगर हम इतिहास को देखें तो ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर कपड़ा तैयार होने पर भी भारत का कपड़ा वहां जाकर सस्ता पड़ता था। जापान की वस्तुएं सस्ती आकर बाजार से बाकी सब माल को निकाल देती हैं, बड़े कारखाने में नहीं, घरों में बनती हैं। यदि अधिक उत्पादन नहीं हुआ तो बड़े पैमाने के उद्योगों की ऊपरी व्यवस्था का ही इतना खर्च आता है कि उत्पादन-व्यय बढ़े बिना नहीं रह सकता। आज देश में जो छोटे आधार पर नए उद्योग खड़े हैं वे प्रतिस्पर्धा में अच्छी तरह टक्कर ले रहे हैं। यदि उनकी असुविधाएं दूर कर दी जायें तथा बड़े उद्योगों को जो सुविधाएं अर्थातिरिक्त कारणों से प्राप्त है, न मिले तो निश्चित ही वे बाजी मार ले जाएंगे।'[17] 'हमारे यहां कपड़े बुनने वाले, बर्तन बनाने वाले, जूते बनाने वाले, लोहे का सामान बनाने वाले, शिल्पकारों की वृहत परंपरा थी, समृद्ध परंपरा थी, इन्हें फिर से जागृत करना होगा। तब जाकर भारत का विराट जागृत होगा।[18]

औद्योगिक प्राथमिकता

आर्थिक चिंतन के क्षेत्र में हमारी अस्मिता देश, काल, परिस्थिति के अनुसार एक प्रवाह के रूप में प्रवाहित होती चली आ रही है। युगों पूर्व से भारत में आर्थिक चिंतन समग्रता एवं सूक्ष्मता के साथ होता चला आ रहा है।[19] दीनदयालजी ने उन्ही भारतीय निरंतरता के सूत्रों को ध्यान में रखकर औद्योगिक नीति के बारे में जितना लिखा उसके

17. पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा पांचवा संस्करण लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ 2014 पेज 132-133
18. बजरंग लाल गुप्त, राष्ट्र दृष्टि, संपादक-डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह अरुंधति वशिष्ठ अनुसंधान पीठ, महावीर भवन प्रयागराज वर्ष 2019 पेज-37
19. डॉ. बजरंग लाल लाल गुप्त, भारतीय अस्मिता की निरंतरता, संपादक-डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह अरुंधति वशिष्ठ अनुसंधान पीठ, महावीर भवन प्रयागराज 2017 पेज 48

अध्ययन से उनकी औद्योगिक नीति की कुछ प्राथमिकताएं स्पष्ट होती हैं। जैसे दीनदयालजी ने ऐसी औद्योगिक नीति की बात कही जो एक ओर युगानुकूल तो दूसरी ओर देशानुकूल हो, वह समय के साथ उद्योगों की तकनीकी में परिवर्तन के पक्ष में तो हैं लेकिन इसके लिए यह भी चाहते हैं कि पहले उस तकनीक को देशानुकूल बनाया जाये ताकि देश मे उपलब्ध संसाधनों से पर्याप्त रोजगार मिल सके। दूसरी बात देश के लोगों के भरण-पोषण और उनके जीवन के विकास की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद और अधिक समृद्धि और सुख के लिए अर्थोंत्पादन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, क्योंकि पाश्चात्य अर्थ चिंतन तो इच्छाओं को बराबर बढ़ाते जाना और उनकी आवश्यकताओं की निरंतर पूर्ति करने को ही अपना लक्ष्य मानता है। वह कोई मर्यादा नहीं मानता है। अधिकांश ऐसे देश जो पहले इच्छा की पूर्ति के लिए साधन जुटाकर उत्पादन करते थे, वह अब पहले उत्पादन करते हैं, और उत्पादन के बाद लोगों में विभिन्न विज्ञापन के माध्यम से इच्छा पैदा करते हैं। बाजार के लिए उत्पादन करने के स्थान पर उत्पादित वस्तु के लिए बाजार ढूंढना, न मिले तो नए बाजार पैदा करना उनकी आर्थिक नीति का प्रमुख अंग बन गया है।

दीनदयाल जी की औद्योगिक नीति कैसी थी इसको लेकर अर्थ चिंतक डॉ. बजरंग लाल गुप्ता जी लिखते हैं कि 'इस विषय में दीनदयालजी ने एक शब्द प्रयोग किया हमें अपरमातृक उद्योग नीति चाहिए। यानी स्वावलंबन से कुछ अधिक उत्पादन करने वाले उद्योग चाहिए। जितनी हमारी जरूरत है उतना देश में पैदा होना ही चाहिए, पर कभी-कभी बाहर से भी मंगवाना पड़ सकता है। इसको वापस हम तभी दे सकेंगे जब स्वावलंबन से कुछ अधिक, अतिरिक्त उत्पादन कर सकने वाली उद्योग नीति हो, जिसे उन्होंने अपरमातृक उद्योगनीति कहा।'[20]

छोटे और बड़े उद्योग

देश की औद्योगिक नीति का मुख्य आधार छोटे उद्योगों को मानने के बाद भी दीनदयाल जी की औद्योगिक नीति सर्वोदयी औद्योगिक नीति से कुछ हद तक अलग है। वह गांधीजी की तरह बड़े उद्योगों के विरोधी नहीं हैं और वह सर्वोदय से अलग छोटे उद्योगों में परंपरागत तकनीकी के स्थान पर युगानुकूल लेकिन देशानुकूल तकनीकी के समर्थक हैं। दीनदयाल जी के औद्योगिक विचार में उपभोक्ता, उत्पादक और बाजार के बीच में एक एकात्मकता दिखती है, उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योगों को दो वर्गों में बांटा, इनमें लघु उद्योग उन्हें कहा जहां पर बिजली का प्रयोग किया जाता है। वह आगे कहते हैं कि तकनीकी विकास के साथ-साथ समस्त कुटीर उद्योग जिनमें बिजली का प्रयोग नहीं किया जाता है, वहाँ भी बिजली का प्रयोग किया जाने लगेगा, जिससे भविष्य में लघु एवं कुटीर उद्योग के बीच का अंतर समाप्त हो जाएगा। उनका कहना है कि 'साधारण व्यवहार की नब्बे प्रतिशत से अधिक वस्तुएं छोटे उद्योगों पर तैयार की जा सकती हैं, जो अन्य चीजें बचेगी उसे बड़े कारखानों में बनाया जा सकेगा, किंतु

20. डॉ. बजरंग लाल लाल गुप्त, एकात्म दृष्टि - भारत का भवितव्य, संपादक-डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह, अरुंधति वशिष्ठ अनुसंधान पीठ, महावीर भवन, प्रयागराज 2010 पेज-नंबर 34-35

साधारणतः इन कारखानों में छोटे कारखानों में बनी चीजों के संग्रह और एकत्रीकरण की ही आवश्यकता पड़ेगी।'[21] 'मोटर आदि बड़ी-बड़ी चीजें हैं उनके बहुत से भाग किस प्रकार लघु उद्योग में तैयार किए जा सकते हैं जापान में इस दृष्टि से बहुत काम हुआ है। वहाँ रेलगाड़ियां बनाने में 77%, जहाज बनाने में 70%, मोटर के निर्माण में 62% इन छोटे उद्योगों द्वारा तैयार सामान प्रयोग होता है।[22]

दीनदयाल जी ने अपनी पुस्तक में ग्रामीण कुटीर उद्योगों का काल के अनुसार वर्गीकरण किया है, जो निम्नवत है।[23]

- अंशकालिक ग्रामीण कुटीर उद्योगों के अंतर्गत वे सभी उद्योग आते हैं जिनमें कृषक खाली समय का उपयोग करता है, जैसे-रस्सी बटना, हाथकरघा, कोश कृमिपालन, डलिया बनाना आदि।
- पूर्णकालिक ग्रामीण कुटीर उद्योगों में बढ़ई, लुहार, कुम्हार, तेली आदि के काम आते हैं
- अंशकालिक नागरिक कुटीर उद्योगों में खिलौने, अचार मुरब्बे, कागज के लिफाफे आदि बनाने के कुछ उद्योग, किंतु अभी इस क्षेत्र में बहुत से काम प्रारंभ किये जा सकते हैं।
- पूर्णकालिक नागरिक कुटीर उद्योगों में सुनार, दर्जी, बढ़ई, हाथीदांत, बर्तन बनाने, रंगाई छपाई आदि का काम।
- अंशकालिक छोटे नागरिक उद्योग प्रायः मौसमी काम से संबंध रखते हैं, जैसे ईट बनाना आदि।
- पूर्णकालिक छोटे नागरिक उद्योगों का काफी विकास हो रहा है। इसमें होजरी के कारखाने, अभियांत्रिकी, साइकिल के पुर्जे, रेशम और सूती वस्त्र, सिलाई की मशीनें आदि अनेक चीजें बनती हैं। ये शहर की छोटी फैक्ट्रियां हैं, यद्यपि उन पर फैक्ट्री एक्ट लागू नहीं होता।
- अंशकालिक ग्रामीण लघु-उद्योग में धान कूटने, खांडसारी, गुड़ आदि का विधायन आता है।

दीनदयाल जी के इस वर्गीकरण से स्पष्ट है कि वह उद्योगों के वर्गीकरण के साथ बाजार के वर्गीकरण के पक्ष में भी हैं। बाजार का वर्गीकरण तीन स्तर पर है, पहला- ग्रामीण जीवन की मौलिक आवश्यकताएं स्थानीय बाजार से पूरी की जानी चाहिए, इन वस्तुओं का उत्पादन स्थानीय ग्रामीण स्तर पर सहजता से किया जा सकता है। अगर इन वस्तुओं की उपलब्धता गाँव के स्थानीय बाजार में नहीं है तो यह न उस गांव के लिए उचित है, न देश की अर्थव्यवस्था के लिए उचित होगा। यह गांव में जहां बेरोजगारी पैदा करेगा, वहीं पलायन को भी प्रोत्साहित करेगा। इन वस्तुओं में कृषिगत आवश्यक वस्तुएं बर्तन, फावड़ा, खुरपी, कुदाल, कुल्हाड़ी, फल-सब्जी, अनाज, अन्य

21. पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा पांचवा संस्करण लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ 2014 पेज 128
22. वही पेज 131
23. वही पेज 129

दैनिक वस्तुएं हैं, जिनका निर्माण गांव के ही बढ़ई, कुम्हार, लोहार आदि के द्वारा किया जा सकता है।

मौलिक आवश्यकताओं से ऊपर की जो आवश्यकताएं हैं वह दूसरे स्तर की बाजार स्थानीय कस्बे या जिला मुख्यालय में उपलब्ध होनी चाहिए। आवश्यक नहीं है कि सभी आवश्यकताएं या सभी संसाधनों का उत्पादन ग्रामीण स्तर पर ही संभव हो सके, लेकिन आज के वैश्वीकरण की स्थिति में इसकी उम्मीद करना संभव नहीं है कि व्यक्ति इन-इन वस्तुओं का उपयोग नही करेगा यदि उसके पास क्रयशक्ति हो। उसके बाद तीसरे स्तर की बाजार जहाँ विलासिता सहित अन्य वस्तुएं उपलब्ध हों जिनका उत्पादन बड़े उद्योगों में ही संभव हो, उनकी उपलब्धता महानगरों में होनी चाहिए।

उद्योगों का स्वामित्व

दीनदयाल जी का उद्योगों के स्वामित्व विषय मे मानना था कि सम्पूर्ण उद्योगों के आधार लघु-छोटे उद्योगों के स्वामित्व, व्यक्तिगत स्वामित्व में रहेंगे। उनके राज्य के अधीन जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।[24] यह उद्योग लगभग कुल उद्योग के नब्बे फीसदी हैं। सुरक्षा और आधारभूत उद्योगों को राज्य के स्वामित्व में रहना चाहिए। किंतु इन क्षेत्रों में भी (सुरक्षा उद्योगों को छोड़कर जो कि राज्य के अधीन ही रहने चाहिए) यदि निजी प्रयत्नों से कुछ उद्योग स्थापित हो गये हैं तो उनका राष्ट्रीयकरण करने की आवश्यकता नहीं। यदि हम किसी वाद-विशेष में बंधे नहीं है तो राज्य के साधनों का उपयोग पुराने उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करने की अपेक्षा राष्ट्र के लिए आवश्यक नए उद्योग-धंधों की स्थापना में करना अधिक अच्छा होगा।[25]

ऐसे छोटे उद्योग जहाँ पर परिवार के सदस्यों के द्वारा समस्त उत्पादन की क्रियाएँ संपन्न की जाती हैं, अर्थात ऐसे उद्योग जहां पर पूँजी के साथ श्रम और यंत्रों का प्रयोग एक ही परिवार के सदस्य करते हैं, वहां पर उद्योग के स्वामित्व को लेकर कोई समस्या नहीं है। परंतु ऐसे उद्योग जहां पर मजदूर श्रम करता है, उसी के द्वारा उत्पादन की समस्त क्रियाएं संपन्न होती हैं, हालांकि वह उद्योग में पूंजी निवेश नही करता है, लेकिन उसकी जीविका उसी उद्योग के हानि-लाभ से जुडी है और यदि वह बंद हो जाये तो उसका असर पूंजी निवेश करनेवाले से अधिक मजदूर के जीवन पर पड़ेगा। ऐसी स्थिति में दीनदयालजी का मानना है कि 'यह आश्चर्य का ही विषय है कि आजकल की संयुक्त पूंजी कंपनियों में एक शेयर होल्डर, जो बहुधा किसी उद्योग से लाभांश के अतिरिक्त और कुछ संबंध नहीं रखता, स्वामित्व के अधिकार का उपयोग करे और जो मजदूर उस कारखाने में बराबर काम करता है, वास्तविक रूप से कलों को सक्रिय बनाता है तथा जिसकी पूरी जीविका उस उद्योग के भले-बुरे पर निर्भर है, सदैव ही परायापन अनुभव करता रहे। निःस्पृहता की यह भूमिका ठीक नहीं। अतः आवश्यक है कि अंशधारी के साथ मजदूर को भी

24. पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा पांचवा संस्करण लोकहित प्रकाशन संस्कृति भवन राजेंद्र नगर लखनऊ , पेज 137

25. वही पेज 138

स्वामित्व के अधिकार प्राप्त हों तथा उसे लाभ और प्रबंध में भागीदार बनाया जाय। इस प्रकार श्रमिकों के प्रतिनिधि संचालक मंडल में रहेंगे।[26]

महात्मा गांधी के बाद दीनदयाल जी ने भी भारत की औद्योगिक नीति के लिए लघु उद्योग की महत्ता पर प्रकाश डाला, हालांकि गांधीजी के कई औद्योगिक विचारों में दीनदयाल जी देशानुकूल और युगानुकूल परिवर्तन करते दिखाई पड़ते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि दीनदयाल जी द्वारा पांच दशक पहले दिये गए सुझाव क्या तात्कालिक सरकार ने गंभीरता से लिया, अगर नहीं लिया तो उसके परिणाम क्या रहे? आजादी के बाद मिश्रित अर्थव्यवस्था के मॉडल पर देश आगे बढ़ रहा था। शुरुआती दौर पर औद्योगिक नीतियां समाजवादी मॉडल पर थी अर्थात सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र पर बड़े निवेश और संयंत्रों की स्थापना की, लेकिन लघु एवं कुटीर उद्योगों के विषय में तत्कालीन सरकार की कोई रुचि नहीं थी। फलतः बड़े उद्योगों के बीच लघु उद्योग अपने अस्तित्व के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे थे। अस्सी के दशक में ही देश को अनेक उद्यमों को बेचने के लिए सरकारों को विनिवेश नीति बनानी पड़ी। इसके बाद बीसवीं सदी के अंतिम दशक में भारत में उदारीकरण, भू-मंडलीकरण और निजीकरण के मॉडल को अपनाया। इस दौरान भी देश की औद्योगिक नीति से लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्रालय तो था लेकिन छोटे उद्योगों के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनायी गयी। भू-मंडलीकरण के दो दशक में ही देश की औद्योगिक विकास दर 10 फ़ीसदी से भी आगे चली गई। देश की विकास दर ने भी तेजी से उछाल मारा, इस दौरान देश में अरबपतियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई, परंतु इसी दौरान आंकड़ों में कुछ चिंताजनक था। भू-मंडलीकरण के बाद से देश में किसान आत्महत्या करने लगे। सभी आर्थिक आंकड़े यह बताते हैं कि विकास रोजगार विहीन था। देश में बेरोजगारी एक बड़े संकट के रूप में दिखाई देने लगी। इन्हीं दो दशकों में देश में पलायन तेजी से बढ़ने के कारण गाँव वीरान हो गये। इसी दौरान देश में पूंजी निवेश को बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े पूंजीपतियों को देश के वाणिज्यिक बैंकों द्वारा भारी मात्रा में ऋण दिया गया। इससे एक ओर देश महंगाई बढ़ी तो दूसरी ओर इन्ही औद्योगिक नीति ने देश को विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी दिये। यह सभी बातें इस बात का प्रमाण हैं कि दीनदयाल जी के विचार तब भी प्रासंगिक थे आज भी हैं।

26. वही पेज 140

हिन्दू एक दृष्टि

ओम प्रकाश मिश्र[1]

अभ्युदय और निःश्रेयस, ऐहिक और पारलौकिक सुख सिद्ध करने के लिए समाज की धारणा करने वाले लोकाचरण को तत्वज्ञों ने 'धर्म' बताया है। धर्म से तात्पर्य है अभ्युदय व निःश्रेयस की प्राप्ति के साथ समाज व्यवस्थित, एकसूत्रबद्ध एवं सुखी होने के लिए सन्नद्ध हो। धर्म की भावना मनुष्य को पशुत्व से मानवत्व की ओर तथा मानवत्व से मोक्ष की तरफ बढ़ने की प्रेरणा व अकांक्षा जगाती है। समस्त संसार की शान्ति एवं मानवता के विकास के लिए मनुष्य संस्कारवान व धर्मनिष्ठ बनाने की प्रक्रिया धर्म है।

धर्म से तात्पर्य यहाँ पर वर्तमान में प्रयोग किए जाने वाले 'Religion' शब्द से नहीं है। रिलिजन का अर्थ सम्प्रदाय या एक पूजा पद्धति मात्र है। धर्म के अर्न्तगत सृष्टि की रचना का मूल एकतत्व या एकात्म की अवधारणा है। जो कुछ भिन्नता दृष्टिगत होती है, वह केवल बाहरी स्वरूप में है। जब यह स्वीकार कर लेते हैं कि सबकी आत्मा एक ही है, तो कौन किसे समाप्त करने का प्रयास करेगा? जब मनुष्य स्वयं समस्त विश्व को अपना कुटुम्ब मानेगा तो विद्वेष का स्थान नहीं रहेगा।

हमारे राष्ट्र में धर्म इतना प्रखर था कि समस्त प्रजाजन परस्पर रक्षण/संरक्षण करने में समर्थ थे।

''न वै राज्यं न राजाऽऽसीन्न च दण्डो न दाण्डिकः
धर्मेणैव प्रजाः सर्वा रक्षन्ति स्म परस्परम''[2]

अर्थात न पहले कोई राज्य था, न राजा, न दण्ड था और न दण्ड देने वाला, समस्त प्रजा धर्म के द्वारा ही एक दूसरे की रक्षा करती थी।

'धर्म' शब्द की उत्पत्ति 'धृ' धातु से हुई है। जिसका सामान्य अर्थ है 'धारण करना' समझा जा सकता

---

1. निवर्तमान वरिष्ठ रेल अधिकारी, भारतीय रेलवे एवं पूर्व प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, वर्तमान में अधिवक्ता हैं। (66 इरवो संगमवाटिका, देवप्रयागम, झलवा, प्रयागराज-उ.प्र.)

2. महाभारत : शान्तिपर्व-59/14

है। धर्म को ऋत शब्द के समानार्थी माना जाता है। वैदिक संहिताओं में ऋत शब्द का प्रयोग अधिकांशतः किया गया है।

धर्म को केवल मनुष्यों के लिए समझना उचित नहीं है। प्रख्यात विचारक रंगाहरि जी ने अपनी पुस्तक धर्म और संस्कृति (एक विवेचना) में उल्लेख किया है-

''धर्म मात्र मानव जाति से संबंधित शब्द नहीं है। धर्म से सम्पूर्ण सृष्टिजाल आबाधित है। समस्त चर-अचर, सचेतन-अचेतन अपने अस्तित्व के लिए धर्म पर आश्रित हैं। उसी में उसका अपनापन है। उस दृष्टि से बताया जाता है कि जल का अपना धर्म, अग्नि का अपना धर्म और पवन का अपना धर्म है। उसके बिना उसका अस्तित्व समाप्त होता है और दुनिया से उसकी पहचान भी। जैसे कि अग्नि का धर्म है उष्णता। यदि कोई अग्नि के समान आकारवाली चीज और उसमें उष्णता नहीं केवल प्रकाश है, तो हम कहेंगे कि अग्नि नहीं। पवन का धर्म है चंचलता। यदि पवन अपना धर्म छोड़कर एक ही स्थान पर बिना हलचल के स्थिर रहता है तो उसको पवन कौन कहेगा? पृथ्वी का धर्म है सबको आधार देना। उसी कारण उसको धरा, धारित्री, वसुन्धरा ऐसे कहते हैं। अगर उसने अपना धर्म छोड़ दिया तो ये सारे शब्द अर्थ हीन हो जाएंगे। जीवमान प्राणियों का भी अपना-अपना धर्म है। उसी मापदण्ड से उसे पहचाना जाता है।''[3]

धर्म चूँकि सबको धारण करता है, इसलिए उसे धर्म कहा गया। महाभारत में शान्तिपर्व में उल्लेख है कि पितामह भीष्म, धर्मराज युधिष्ठर को बतातें हैं किः-

धरणाद् धर्ममित्याहु धर्मेण विधृता प्रजाः।

यः स्याद् धारणा संयुक्तः सः धर्म इति निश्चयः।।[4]

अर्थात् 'धर्म' का नाम धर्म इसलिए पड़ा कि वह सबको धारण करता है-अधोगति में जाने से बचाता है और जीवन की रक्षा करता है। धर्म ने ही सारी प्रजा को धारण कर रखा है, अतः जिससे धारण और पोषण सिद्ध होता है, जो सबको जोड़ता है वही धर्म है, ऐसा धर्म वेत्ताओं का निश्चय है।

भारत के उच्चतम् न्यायालय का आधार सूत्र है-

'यतोधर्मस्ततो जयः' अर्थात् जहाँ धर्म है वहीं विजय है। यह महाभारत में 10 से अधिक बार प्रयुक्त हुआ। यह भारतीय न्याय व्यवस्था का आधार माना जाना चाहिए।

'हिन्दू' धर्म कोई उपासना पद्धति मात्र नहीं है। भारतीय परम्परा में धर्म व्यापक अर्थ समेटे हुए है। धर्म हमारी भारतीय परम्परा में एक मानव दर्शन है, पूरी की पूरी परम्परा जीवन-पद्धति, हमारी संस्कृति का बोध कराती है। कुछ लोग हिन्दूवाद (Hinduism) को हिन्दुत्व का पर्यायवाची समझते हैं। वस्तुतः भारतीय जीवन पद्धति जिन गुणों

3. धर्म और संस्कृति (एक विवेचना) : रंगाहरि - लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ-11

4. महाभारत शान्तिपर्व - 11/109

को समेटे हुए है, ये धर्म परिलक्षित करतें हैं। धर्म का स्थान हिन्दू जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

धर्म एव हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो या नो धर्मो हतोऽवधीत।[5]

अर्थात नष्ट हुआ धर्म ही नाश का कारण बनाता है और रक्षित किया गया धर्म ही रक्षा करता है। नाश को प्राप्त हुआ धर्म कहीं हमें नष्ट न कर दे, इसलिए धर्म का कभी भी नाश नहीं करना चाहिए।

हिन्दू जीवन दर्शन अखिल विश्व के लिए है, संकीर्णता का कहीं नामोनिशान नहीं है। हमारे यहाँ सभी के कल्याण, पूरे जगत के कल्याण का लक्ष्य रखा गया है।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तुः मा कश्चित दुःख भाग भवेत्।[5]

अर्थात सभी सुखी हो, सभी स्वस्थ्य रहें, सबका सर्वोतोमुखी कल्याण हो और किसी को किसी भी प्रकार का दुःख न हो। आगे चलकर इसी को रामराज्य में परिभाषित किया गया है।

दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज्य काहुहिं नहीं व्यापा।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।
चारिउ चरन धर्म जग माहीं। पूरि रहा सपनेहुँ अध नाहीं।।[6]

अर्थात 'रामराज्य में शारीरिक, दैवीय व सांसारिक कष्ट किसी को नहीं होते। सभी मनुष्य एक दूसरे के प्रति परस्पर प्रेम का भाव रखते हैं एवं वेदों में बतायी हुई नीति (मर्यादा) में तत्पर रहकर अपने-अपने धर्म का पालन करतें हैं। धर्म अपने चारों चरणों (सत्य, शौच, दया और दान) से जगत में परिपूर्ण हो रहा है, स्वप्न में भी कहीं पाप नहीं है। अतः हम देखते हैं कि अत्यन्त प्राचीन काल से जिस जीवन मूल्य, परम्परा, दर्शन, सभ्यता का हिन्दू विचार सरणि में प्रकाश मिलता है वह समस्त जगत के लिए है।

भारतीय परम्परा में आदि ग्रन्थ ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164 सूक्त के 46वें मन्त्र में ऐसा उल्लेख है-

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुर्स्थो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।।[7]

अर्थात् इन्द्र, मित्र वरुण और अग्नि परमात्मा के ही नाम हैं। वह परमात्मा ही गुरुत्मान और सुपर्ण कहलाता है। उस एक ही सत्य को विद्वान् लोग अग्नि, यम, मातरिश्वा अनेक नामों से पुकारते हैं।

5. मनुस्मृति अष्टम अध्याय, श्लोक 15
5. शांतिमत्र : वृहदारण्यक उपनिषद
6. 21/1-2, उत्तरकांड रामचरित मानस
7. ऋग्वेद 1/164/46

यानी भारतीय परम्परा में व्यापकता है, बहुलतावाद है, प्रगाढ़ता है, समावेशी जीवन पद्धति है, ऋग्वेद के उपरोक्त श्लोक से स्पष्ट है कि सत्य तो सदैव एक ही है, भिन्न-भिन्न ज्ञानी लोग उसे नाना प्रकार से व्याख्यायित करते हैं। यह हिन्दुओं का दृढ़ विश्वास है कि ईश्वर प्राप्ति के अनेकों मार्ग उपलब्ध हैं यानी 'हिन्दू' धर्म किसी अन्य धर्म को खारिज नहीं करता वरन सबके साथ समावेशी रूप से मिला-जुला है। हिन्दू धर्म के सिद्धान्तों की कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं व वैशिष्टय हैं यथा-

1. विश्वबन्धुत्व।
2. समन्वयवादी व समतावादी दृष्टि।
3. एकात्म व एकत्व का दर्शन।
4. आत्मा अजर अमर है।
5. हिन्दू धर्म का कोई एकमात्र आधारभूत ग्रंथ नहीं है वरन् धर्मग्रन्थों की पूरी श्रृंखला है।
6. धर्म की रक्षा हेतु प्रभु या ईश्वर बारंबार अवतार लेते हैं।
7. मध्यम मार्ग ही श्रेष्ठ है।
8. परोपकार महान मानवीय गुण है।
9. सत्यान्वेषी।
10. वैज्ञानिक दृष्टि।
11. पर्यावरण प्रेमी।
12. विचारों की स्वतंत्रता।
13. कुटुम्ब व्यवस्था।
14. अतिथि देवोभव।

महर्षि अरविन्द ने 30 मई 1909 को धर्म रक्षणी सभा में एक ऐतिहासिक भाषण दिया था, जिसे उत्तरपाड़ा भाषण के नाम से जाना जाता है। इसमें महार्षि अरविन्द जी कहते हैं-

''धर्म का संरक्षण, दुनिया के सामने हिन्दू धर्म का संरक्षण और उत्थान-यही कार्य हमारे सामने है। परन्तु हिन्दू धर्म क्या है? वह धर्म क्या है जिसे हम सनातन धर्म कहते हैं? वह धर्म हिन्दू धर्म इसी नाते है कि हिन्दू राष्ट्र ने इसको रखा है, क्योंकि समुद्र और हिमालय से घिरे हुए इस प्रायद्वीप के एकान्तवास में यह फला-फूला है, क्योंकि इस पवित्र भूमि पर इसकी युगों तक रक्षा करने का भार आर्य जाति को सौंपा गया था। परन्तु यह धर्म किसी एक देश की सीमा से घिरा नहीं है। यह संसार के किसी सीमित भाग के साथ विशेष रूप से और सदा के लिए बंधा नहीं है। जिसे हम हिन्दू धर्म कहते हैं, वह वास्तव में सनातन धर्म है, क्योंकि यही वह विश्वव्यापी धर्म है जो दूसरे सभी धर्मों का आलिंगन करता है। यदि कोई धर्म विश्वव्यापी न हो तो वह सनातन भी नहीं हो सकता है। संकुचित धर्म, सांप्रदायिक धर्म, अनुदार धर्म केवल कुछ काल और मर्यादित हेतु के लिए ही रह सकता है..... आज

मैं यह नहीं कह सकता कि राष्ट्रीयता एक विश्वास है, धर्म एक निष्ठा है, बल्कि मैं यह कहता हूँ कि सनातन धर्म ही हमारे लिए राष्ट्रीयता है। यह हिन्दू सनातन धर्म को लेकर ही पैदा हुआ है,उसी को लेकर चलता है, उसी को लेकर पनपता है। जब सनातन धर्म की हानि होती है तब इस राष्ट्र की अवनति होती है और यदि सनातन धर्म का विनाश सम्भव होता तो सनातन धर्म के साथ ही इस राष्ट्र का विनाश हो जाता। सनातन धर्म ही राष्ट्रीयता है।[8]

ठीक इसी प्रकार स्वामी विवेकानन्द जी ने शिकागो धर्म महासभा में सितम्बर 1893 में विश्व प्रसिद्ध भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने हिंदुत्व के आधारभूत तत्वों पर प्रकाश डाला था-

'वहाँ भारत में एक के बाद एक न जाने कितने सम्प्रदायों का उदय हुआ और उन्होंने वैदिक धर्म को जड़ से हिला दिया, किन्तु भयंकर भूकम्प के समय समुद्रतट के जल के समान वह कुछ समय पश्चात् हजार गुना बलशाली होकर सर्वग्रासी आप्लावन के रूप में पुनः लौटने के लिए पीछे हट गया और जब वह सारा कोलाहल शान्त हो गया तब इन समस्त धर्म सम्प्रदायों को उनकी धर्ममाता (हिन्दू धर्म) की विराट काया ने चूस लिया, आत्मसात कर लिया और अपने में पचा डाला।'

'वेदान्त दर्शन की अत्युच्च आध्यात्मिक उड़ानों से लेकर आधुनिक विज्ञान के नवीनतम आविष्कार जिसकी केवल प्रतिध्वनि मात्र प्रतीत होते हैं, मूर्तिपूजा के निम्नस्तरीय विचारों एवं तदानुषंगिक अनेकानेक पौराणिक दन्तकथाओं तक और बौद्धों के अज्ञेयवाद तथा जैनों के निरीश्वरवाद-इनमें से प्रत्येक के लिए हिन्दू धर्म में स्थान है' ..... हिन्दू जाति ने अपना धर्म श्रुति-वेदों से प्राप्त किया है। उनकी धारणा है कि वेद अनादि और अनन्त हैं। श्रोताओं को सम्भव है, यह बात हास्यपद लगे कि कोई पुस्तक अनादि और अनंत कैसे हो सकती है? किन्तु वेदों का अर्थ कोई पुस्तक है ही नहीं। वेदों का अर्थ है भिन्न-भिन्न कालों में भिन्न-भिन्न व्यक्तियों द्वारा अविष्कृत आध्यात्मिक सत्यों का संचित कोष'। ..... 'इन नियमों या सत्यों का आविष्कार करने वाले 'ऋषि' कहलाते हैं और हम उनको पूर्णत्व तक पहुँची हुई आत्मा मानकर सम्मान देते हैं। श्रोताओं को मुझे यह बतलाते हुए हर्ष होता है कि इन महानतम ऋषियों में कुछ स्त्रियाँ भी थीं'। ..... 'वेदों की घोषणा है- नहीं, मैं शरीर में रहने वाली आत्मा हूँ, मैं शरीर नहीं हूँ। शरीर मर जाएगा पर मैं नहीं मरूंगा। मैं इस शरीर में विद्यमान हूँ और जब इस शरीर का पतन होगा, तब भी मैं विद्यमान रहूँगा ही।'

..... 'अतएव हिन्दू का यह विश्वास है कि वह आत्मा है। उसको शस्त्र काट नहीं सकते, अग्नि दग्ध नहीं कर सकती, जल भिगों नहीं सकता और वायु सुखा नहीं सकती। हिन्दुओं की यह धारणा है कि आत्मा एक ऐसा वृत्त है, जिसकी परिधि कहीं नहीं है, किन्तु जिसका केन्द्र शरीर में अवस्थित है और मृत्यु का अर्थ है, इस केन्द्र का एक शरीर दूसरे शरीर में स्थानांतरित हो जाना। यह आत्मा जड़ की उपलब्धियों से बद्ध नहीं है। यह स्वरूपतः नित्य शुद्ध, बुद्ध मुक्त स्वभाव है।''[9]

8. पृष्ठ 71, 72, 73, श्री अरविन्द का राष्ट्र आह्वान : सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 71, 72, 73

श्रीमद भगवद् गीता में-

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।

न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।[10]

अर्थात् आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकता।

वेदों, उपनिषदों, स्मृतियों, श्रीमदभगवद्गीता आदि प्राचीन ग्रन्थों में जिस हिन्दू धर्म के स्वरूप का चित्रण उपलब्ध है, उसके अध्ययन, मनन, विश्लेषण के आधार पर भारत के क्रान्तिकारी विनायक दामोदर सावरकर ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिन्दुत्व' में हिन्दुत्व को इस प्रकार से परिभाषित किया है- ''अतः प्रत्येक व्यक्ति हिन्दू है, जो असिन्धु सिन्धुपर्यन्त इस समग्र देश को अपनी पितृभूमि के रूप में मान्यता देकर वन्दना करता है, जिसकी धमनियों में उस महान जाति का रक्त प्रवाहित हो रहा है, जिसका मूल सर्वप्रथम सप्त सिन्धुओं में परिलक्षित होता है और जो विश्व में हिन्दू के नाम से सुविख्यात है। जो भी व्यक्ति हिन्दू जाति को अपनी जाति और हिन्दुस्तान को अपनी संस्कृति के रूप में मान्यता देता है जो संस्कृति समान इतिहास, समान परम्परा, समान साहित्य, समान शिल्पशास्त्र, समान धर्मशास्त्र, समान पर्व व उत्सवों के माध्यम से अभिव्यक्ति होती है। ..... इस भाति हिन्दुत्व की तीन बातों अर्थात एक राष्ट्र, एक जाति तथा एक संस्कृति की दृष्टि से वे हिन्दू हैं। ..... अतः हिन्दू धर्म का तात्पर्य उस धर्म अथवा उन धर्मों से है जो इस देश एवं इस जाति के सहोदर हैं। इन विभिन्न धर्म सिद्धान्तों और आचार व्यवहारों में हमें यदि कोई समन्वय परिलक्षित न हो तो यही कहना होगा कि हिन्दू धर्म कोई सामान्य धर्म न होकर ऐसे अनेक धर्मों एवं सम्प्रदायों का समूह है जिन सम्प्रदायों में परस्पर भिन्नता ही नहीं अपितु विरोधाभास भी विद्यमान है। ..... वस्तुतः हिन्दू धर्म किसी धर्म सम्प्रदाय का नाम न होकर उन सभी सम्प्रदायों का समष्टिगत रूप है जो अपने आपको हिन्दू नाम से सम्बोधित करते हैं। परन्तु हिन्दू धर्म, इस शब्द का प्रयोग उस धर्म सम्प्रदाय हेतु ही होता आया है जिसे हिन्दुओं का बहुमत स्वीकार करता है। ..... हिन्दुओं में अधिकांश व्यक्ति 'श्रुतिस्मृतिपुराणोक्त धर्म' अथवा जिसे सनातन धर्म की संज्ञा दी जाती हैए उसे ही धर्म के रूप में मान्यता देते रहे हैं। ..... अथवा यों कह लीजिए कि यह प्रत्यक्ष धर्म का अनुभवसिद्ध शास्त्र है और इसी का नाम है हिन्दू धर्म। वैदिक सनातनी, जैन और सिक्ख आदि सभी मतान्तरों का एकीकरण करने के उपरान्त जो सत्य और निर्णायक तत्व उद्भूत हुए हैं, उन सब तत्वों की सत्यता को हिन्दू धर्म की पावन संज्ञा प्राप्त हुई है। जितने भी धर्म सिद्धान्त और धार्मिक सम्प्रदाय सप्तसिन्धु नाम से सुविख्यात इस भूखण्ड में तथा भावी विराट सिन्धुस्थान अथवा हिन्दुस्तान में उत्पन्न हुए उन सबका अन्तर्भाव हिन्दू धर्म में ही होता है।

असिन्धु सिन्धुपर्यंत यह हमारा देश, यह हिन्दुस्थान हमारी मातृभूमि है। इसका कारण यह है कि इसी भूमि

9. विवेकानन्द साहित्य संचयन : रामकृष्ण मठ, नागपुर, पृष्ठ 3, 4, 5 एवं 6

10. श्रीमदभगवद् गीता - 2/3

में हमारे धर्म प्रवर्तकों ने जन्म ग्रहण किया और इसी भूमि में हमारे ये ऋषि उत्पन्न हुए थे जिन्होंने वेद मंत्रों को सर्वप्रथम सुना था। इन वैदिक ऋषियों से ऋषि दयानन्द पर्यन्त, जिन से महावीर तक, बुद्ध से नागसेन तक, नानक से गोविन्द और बन्दावैरागी से वासव तक,चन्द्रधर से चैतन्य पर्यन्त एवं समर्थ स्वामी रामदास से राममोहन राय तक हमारे सभी गुरुओं और महापुरुषों का यही देश जन्मभूमि तथा कर्मभूमि है। इस भूमि के प्रत्येक रजकण में उनकी पदचाप प्रतिध्वनित हो रही है। इस भूमि की प्रत्येक सरिता पावन है और उसने इसके वन सम्पदा के संवर्धन में योगदान दिया है। हमारे महान पूर्वजों और ऋषि-मुनियों ने इन्हीं सरिताओं के तट पर बैठकर, तरुलता कुंजों की शीतल छाया तले ध्यानमग्न होकर मानवीय जीवन, आत्मा, परमात्मा एवं ब्रह्म तथा माया सरीखे गूढ़तम रहस्यों का विवेचन किया है। इस भूमि की प्रत्येक गिरि कन्दरा में कपिल और कणाद व्यास और बुद्ध तथा शंकराचार्य और समर्थ रामदास की स्मृति समीर प्रवाहित हो रहा है। ..... यही नहीं अपितु कश्मीर से कन्याकुमारी पर्यंत यह सम्पूर्ण भारत भूमि ही यज्ञ भूमि है, जिसे ज्ञान और आत्मयज्ञ की पावन अग्नि ने पतितपावनी बना दिया है। जननी जन्मभूमि! तेरा कण-कण ही यज्ञ भूमि बन गया है। अतः हे भारतभूमि! सिन्धुस्थान! तू प्रत्येक हिन्दुजन की पितृभूमि है।[11]

यदि महर्षि अरविन्द, स्वामी विवेकानन्द और वीर सावरकर के विचारों पर मंथन किया जाए तो यह स्थापित हो जाता है कि हिन्दुत्व हिन्दू धर्म मात्र नहीं है वरन् यह समस्त भारतीय मूल्यों एवं राष्ट्रीयता के भाव को भी अपने में समेटे हुए है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में उल्लेख किया है कि-'जब हिन्दू सम्प्रदाय के बारे में विचार करतें हैं तो हमें कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यदि यह असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है कि हिन्दू सम्प्रदाय को परिभाषित कर पायें। विश्व के अन्य सम्प्रदायों की भाँति हिन्दू सम्प्रदाय का कोई एक देव दूत (पैगम्बर) नहीं है, इसमें किसी एक ही देव की पूजा नहीं की जाती, इसकी कोई एक रुढ़िवादी पहचान नहीं है। यह एक किसी दार्शनिक विचार-पद्धति में विश्वास नहीं करता, यह किसी एक ही प्रकार के पांथिक अनुष्ठान का अनुयायी नहीं है, वास्तव में इस पर किसी संप्रदाय या मत के पारंपरिक संकीर्ण लक्ष्य पूरे उतरते नहीं दिखाई देते। इसे मुख्य रूप से एक जीवन पद्धति ही कहा जा सकता है, इसके अतिरिक्त कुछ और नहीं। ..... इसी कारण हिन्दुत्व सभ्यता भी है और धर्मपंथों का एक विराट संपुंजन भी। उसका कोई एक संस्थापक नहीं है, कोई एक केन्द्रीय अथारिटी (अधिकारी संस्था) नहीं है, विविध पंथों के बीच कोई ऊँच-नीच की क्रम व्यवस्था निर्धारित नहीं है और कोई एक केन्द्रीय संगठन नहीं है। इसलिए हिन्दुत्व की विशिष्ट परिभाषा का प्रत्येक प्रयास किसी न किसी रूप में अपर्याप्त सिद्ध हुआ है और होता है, क्योंकि हिन्दुत्व के सर्वोत्तम भारतीय विद्वानों ने एक ही अखण्ड सत्ता के विविध पक्षों की सत्ता पर सदा बल दिया है। ..... माननीय न्यायाधीशों ने निष्कर्ष निकाला है कि हिन्दुत्व शब्द का कोई संकीर्ण अर्थ समझना आवश्यक नहीं है। उसे केवल हिन्दू धार्मिक अनुष्ठानों या रीतियों तथा व्यवहारों तक सीमित करके संस्कृति से असंबंद्ध रूप में देखना आवश्यक नहीं है। यह तो भारतीय जन की जीवन शैली है। जब तक

11. हिन्दुत्व : विनायक दामोदर सावरकर - हिन्दी साहित्य सदन, नई दिल्ली, पृष्ठ 96 से 108

हिन्दुत्व शब्द का किसी भाषण में इससे विपरीत अर्थ में प्रयोग न किया गया हो, तब तक हिन्दुत्व का प्रमुख अर्थ है- भारतीय जन (लोगों) की जीवन शैली, न कि किसी हिन्दु पंथ के लोगों के रीति-रिवाज मात्र।[12]

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर हम सुगमता पूर्वक इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि हिन्दुत्व इस राष्ट्र के संस्कृति मय अस्तित्व को सुरक्षित रखता है, क्योंकि भारतीय संस्कृति जिसे हमारे ऋषियों ने बताया है -

यत्ते मध्यं प्रथिवि यच्च नभ्यं यास्त उर्जस्तन्वऽः संबभूवुः।
तसु नो धेहयभि नः पवस्व माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः।।
पर्जन्यः पिता स उनः पिपर्तु।।[13]

अर्थात्- हे भारत भूमि! तेरे भीतर और ऊपर जो पदार्थ हैं उन सब की ओर तेरी, शत्रुओं के हाथ से रक्षा करने के लिए जो विद्वान, बलवान और धनवान मनुष्य एकत्र होकर यत्न करतें हैं, उनसे उस संघ से हमें स्थान दे और हमारी रक्षा कर, क्योंकि तू हमारी माता है और हम तेरे पुत्र दुःख से छुड़ाने वाले हैं, इस पर्जन्य (मेघ) द्वारा धान्यादिक उत्पन्न होते हैं, इसलिए हम सबका पिता (पालक) है, यर्थाथ में वह नियमित समय में वर्षा कर हमारी रक्षा करे।

हिन्दुत्व के विषय में अनेकों कारणों से बहुत सारी भ्रान्तियाँ फैलाई गई हैं, परन्तु यदि भारतीय जीवन पद्धति को निकट से देखा जाए तो मनुष्य मात्र को पशुभाव से उठाकर देव भाव तक पहुँचाने की साधना के सोपान के रूप में हम हिन्दुत्व की व्याख्या कर सकते हैं। भारतीय जीवन पद्धति पशु-पक्षियों , पर्वतों, नदियों, वृक्षों, लताओं सभी में देवत्व के दर्शन करती है और अपनी मातृभूमि की सुगन्ध को महसूस कराती है। विभिन्न भाषा शैली और क्षेत्रगत विभिन्नताओं के बावजूद हमारी प्राचीन परम्पराएं, सुदृढ़ रहीं हैं। हमारे यहाँ पुत्रधर्म, मातृधर्म, गुरुधर्म और आपद धर्म तक की चर्चा है। हिन्दुत्व भारत राष्ट्र की अस्मिता से जुड़ा है। हमारा लक्ष्य क्षुद्र व्यक्तिगत लाभ न होकर सार्वजनीन कल्याण का भाव उदय करना है।

जैसा कि महा उपनिषद में उल्लेखित है-

अयं बन्धुरयं नेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु बसुधैव कुटुम्बकम्।[14]

यह मेरा बन्धु है यह नहीं है, ऐसे विचार क्षुद्र मानसिकता वाले व्यक्तियों के ही होते हैं। जो उदार चरित के व्यक्ति होते हैं, उनके लिए तो सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है)

12. सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय हिन्दुत्व एक जीवन पद्धति : सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 9, 14
13. अथर्ववेद, काण्ड 12, श्लोक 12

हिन्दुत्व के विषय में प्रसिद्ध विचारक सुब्रह्मण्यम स्वामी के विचार उल्लेखनीय हैः-

''हिन्दुत्व की संकल्पना मोटे तौर पर आध्यात्म आधारित भारतीय लोकाचार से प्रत्यक्षतः जुड़ी हुई है। यह अनेक महान ऋषि-मुनियों, योगियों, सन्यासियों द्वारा प्रतिपादित लोकाचार या जीवन पद्धति है, जो अलग-अलग होकर भी एक केन्द्रीय सूत्र से बंधी है।''[15]

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि हिन्दुत्व हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता और जीवन पद्धति का ऐसा आधार है जिसके आधार पर राष्ट्र अनेकों झंझावातों, संकटों से निकलने या अपनी अस्मिता को सुरक्षित रखने में समर्थ हो सका है। वस्तुतः हिन्दुत्व का भाव राष्ट्रवाद की आत्मा है और समस्त विश्व के कल्याण के साथ ही अपने राष्ट्र, अपने समाज, अपने परिवार और व्यक्तिगत आंकाक्षाओं तक की अभिवृद्धि की संकल्पना है, जिसमें ये सारी दृष्टियाँ एकत्व को प्राप्त होती हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के विचार से, जिसे सरलता पूर्वक समझा जा सकता है, जिसमें व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, अखिल विश्व एवं समस्त मानवता के मध्य किसी प्रकार का कोई लक्ष्य भ्रम नहीं होगा। व्यष्टि एवं समिष्ट के लिए सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् तीनों लक्ष्यों को एक साथ प्राप्त किया जा सकता है।

हिन्दुत्व कोई जड़ विचार नहीं है यह वेदों के काल से आज तक विभिन्न ऋषियों, मुनियों, विचारकों के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित हुआ है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र एवं समस्त विश्व को इसकी महती आवश्यकता है।

14. महोपनिषद, 6/71

15. हिन्दुत्व एवं राष्ट्रीय पुनरुत्थान : डॉ. सुब्रहमण्यम स्वामी, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 32

संचार माध्यम और भारतीय संस्कृति

अशोक मेहता[1]

राष्ट्र की समस्याओं को सामने लाना और सामाजिक समस्याओं पर विचार-विमर्श करना संचार माध्यमों का कर्त्तव्य है और इसीलिए संचार माध्यमों को लोकतंत्र का एक प्रमुख स्तम्भ कहा जाता है।

वर्ष 1700 में ''द बंगाल गजट'' से शुरू होकर आज बीसियों हजार समाचार-पत्र, पत्रिकायें प्रकाशित हो रही हैं। इस संख्या में हजारों टीवी चैनल्स एवं सामूहिक सामाजिक माध्यमों को (Mass Social Media) अगर जोड़ दें तो संचार माध्यमों का अपना स्वछन्द राज है।

भारत की लगभग 135 करोड़ की आबादी के पास 85 करोड़ मोबाइल हैं जिसके कारण एक प्रकार से व्यक्तिगत संचार माध्यम का एक समानांतर एवं व्यापक तंत्र खड़ा हो गया है। भले ही उसमें विश्वसनीयता और उत्तरदायित्व का अभाव हो। दूसरी तरफ बहुतायत पारंपरिक संचार माध्यमों के भी सरकार और व्यवसायिक जगत के लिए काम करने का आभास होता है। राजनेता व धनाढ्य वर्ग अपने पक्ष में संचार माध्यमों को चलाने में सफल रहे हैं। संचार माध्यमों पर जितनी भी प्रतिक्रियाएँ आती हैं वह जब राजनीति से प्रेरित होती हैं तब सत्य-असत्य टी.आर.पी. बचाने की चिंता में खो जाता है।

भूतकाल में इसका मूल कारण सत्ता पक्ष की दमनशील मानसिकता रही है। उदाहरणार्थ आज़ादी की लड़ाई के दौरान इलाहाबाद से प्रकाशित होने वाले समाचारपत्र 'स्वराज्य' के नौ संपादकों को देशद्रोह के आरोप में जेल हुई। परिणामस्वरूप उसके संपादक पद के लिए निकले एक विज्ञापन में कहा गया कि हर संपादकीय के लिए दो सूखी रोटियां, एक गिलास पानी और 10 साल की जेल प्राप्त होगी।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पत्रकारिता की मूल प्रवृत्ति और प्रकृति साम्राज्यवाद विरोधी उपकरण के रूप में थी। परिणामस्वरूप पत्रकारों एवं स्वतंत्रता-सेनानियों में पूर्णतः साम्य था। भारतीय पत्रकारिता ने विविध एवं विकेंद्रित रूप में इस युग में अपनी प्रभावी भूमिका स्थापित की थी। साम्राज्यवाद भारतीय बौद्धिकता को न तो दबा पाया और न ही उसके मनोबल को कम कर पाया।

1. वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, पूर्व अतिरिक्त महान्यायवादी, भारत सरकार

बौद्धिक विमर्श में आधिपत्य की लड़ाई अस्वाभाविक नहीं है। परन्तु आधिपत्य रखने वाले और आधिपत्य तोड़ने वाले दोनों यदि बौद्धिकता को मुखौटा बनाकर उसे व्यावसायिकता में ढालेंगे एवं प्रश्रय पाने और पीड़ित होने का लाभ पाने की आकांक्षा रखेंगे तो वह बौद्धिकता निष्प्रभावी और पीढ़ियों के लिए अस्वीकार्य होगी।

संचार माध्यमों पर विचार-विमर्श को पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहिए। संचार माध्यम समाज में बदलाव के माध्यम हैं और उसकी स्वतंत्रता, उसकी विश्वसनीयता द्वारा ही सुनिश्चित हो सकती है। संचार माध्यम अपनी ऐतिहासिक महत्वपूर्ण भूमिका को याद करें तो यह उनके लिए लाभदायक होगा।

प्रसिद्ध विचारक एवं पत्रकार देवेन्द्र स्वरूप आपातकाल के दौर में पत्रकारिता की भूमिका को 'निराशाजनक' मानते थे। उनके अनुसार- ''यह कहें कि पत्रकारिता ने सत्ता के समक्ष पूरी तरह घुटने टेक दिए। वास्तव में आजादी के बाद पत्रकारिता का चरित्र बदल गया, प्राथमिकताएँ बदल गई। इसी कारण इस दौर में पत्रकारिता ने व्यवस्था का समर्थन किया।''

हरीश खरे पत्रकारिता के बीच में प्रविष्टि एक नई बुराई की ओर संकेत करते हैं। उनके अनुसार, पत्रकारिता न्यूज रिपोर्टिंग न रहकर अपनी ओपीनियन और प्वाइंट ऑफ व्यू रखने की माध्यम मात्र रह गयी है।
नेहरूवादी-मार्क्सवादी बौद्धिक जमात में भी एक वर्ग है जो पत्रकारिता में स्टालिनवाद को नापसंद करता रहा है। यह वर्ग राष्ट्रवाद का मित्र भले ही न हो, परन्तु घोर असंतुलन का पक्षधर भी नहीं है।

विचारक राकेश सिन्हा के अनुसार ''इसका एक दूसरा पक्ष भी है। गैर-मार्क्सवादी-नेहरूवादी बौद्धिकता शोध के द्वारा टकराव से बचकर 'नैरेटिव ऑफ विक्टिमहुड' (प्रताड़ना की दुःखभरी दास्तान) लेकर वैचारिक लड़ाई में जीत-हार का सपना देखती रही। के.एम. मुंशी के भारतीय विद्या भवन के ईमानदार प्रयास के बाद कोई भी संगठित वैचारिक प्रयास लम्बे समय तक नहीं हुआ। दोषारोपण कर अपनी कमजोरी ढकने में इस श्रेणी के बौद्धिकों को महारत हासिल रही है। इसने भी नेहरूवादी-वामपंथी बौद्धिकता की आयु को बढ़ाने का काम किया है।''

श्री राकेश सिन्हा कहते हैं कि पत्रकारिता द्वारा राजनीति को मात्र चुनावी या सत्ता के परिवेश में नहीं देखना चाहिए, इसमें वैचारिक पक्ष को बराबर महत्व दिया जाना चाहिए। इसलिए पत्रकारिता व राजनीति के अंतर्संबंधों की व्याख्या में वैचारिक पक्ष की उपेक्षा नहीं की जा सकती है।

पत्रकारिता की प्रवृत्ति का अध्ययन ही संचार माध्यमों के इतिहास का गुणात्मक पक्ष है। पत्र-पत्रिकाएँ राजनीतिक दर्शन व राजनीतिक प्रक्रिया, समाज व संस्कृति को अपने ढंग से रख रही हैं। ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि पाठकों का असंतुष्ट बहुमत मानसिक आलस्य का शिकार है। वह नापसंद भी करता है, आलोचना भी करता है, परन्तु निष्क्रिय भी है।

आज की सबसे बड़ी चुनौती पाठकों की निष्क्रियता को तोड़ना एवं बुद्धिजीवियों को कैरियर की होड़ से अलग करना है। जिस दिन इसमें सफलता मिलेगी उसी दिन से संचार माध्यमों की प्रकृति, स्वरूप, संरचना एवं संस्कृति बदलने लगेगी।

विदेशी पत्रकारों की अपेक्षा भारतीय पत्रकार देश के बारे में कहीं अधिक कटुतापर्ण रपट लिखते हैं। गुजरात

के बारे में छपी ऐसी ही रपटों से अनिवासी भारतीयों को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ा।

भारत एक आध्यात्मिक और नॉन-इम्परियलिस्टिक सभ्यता वाला देश है। भारत की संस्कृति, संस्कार एवं सभ्यता पर तंज और छीटाकशी मानसिक आलस्य और निष्क्रियता के कारण फलफूल रही है। संचार माध्यमों के विकृत या दुराग्रही चरित्र का दर्शन राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़े अनेक मुद्दों पर होती है, उनमें श्री राम जन्मभूमि विवाद भी एक है।

मुझे नहीं याद कि संचार माध्यमों ने कभी भी यह बताया हो कि हिन्दुओं की पवित्र नगरी अयोध्या जी में श्री राम के जन्म स्थान पर उनके पुत्र कुश ने भव्य मन्दिर निर्माण किया था। सदियाँ बीतीं, युग बीते, लगभग 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने श्री राम जन्मभूमि पर बने मन्दिर का जीर्णोद्धार करवाया। सन् 1528 में आक्रान्ता बाबर के सेनापति मीरबांकी एक लाख तिहत्तर हजार राम भक्तों की लाश गिर जाने के बाद ही श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मन्दिर को तोप से उड़ा सका और एक बाबरी ढांचा खड़ा कर दिया। 76 बार आक्रमण हुए, 4 लाख से अधिक रामभक्तों ने अपने प्राणोत्सर्ग किये। इस सम्पूर्ण घटनाक्रम का वर्णन संचार माध्यम कभी नहीं करते।

हिन्दु हमेशा अपने आराध्य की जन्मभूमि पर बने ढांचे को देखकर आक्रोशित रहा। मुगल अकबर ने टोडरमल और बीरबल के द्वारा मध्यस्थता करवा कर जन्मभूमि पर राम चबूतरा बनवा दिया, क्रूर औरंगजेब ने इस स्थल को समाप्त करने का आदेश दिया, जिसका प्रतिकार करने के लिए श्री गुरुगोविन्द सिंह जी व बाबा वैष्णवदास ने मिल कर भीषण युद्ध किया। तेरह हजार हिन्दुओं की लाशों पर से चलकर दरिन्दों ने श्री राम चबूतरा ध्वस्त कर दिया। संघर्षों और बलिदानों का दौर कभी थमा नहीं 1885 में पहली बार श्री राम मन्दिर निर्माण के लिये फैजाबाद न्यायालय में मुकदमा दायर हुआ।

22-23 दिसम्बर 1949 की मध्य रात्रि बिजली चमकी और दिव्य तेज के साथ रामलला का विग्रह प्रकट हुआ। मुसलमानों द्वारा विरोध करने पर हिन्दू विरोधी नेहरू सरकार ने तुष्टिकरण की नीति अपना कर श्री राम जन्मभूमि पर ताले लगवा दिये। छः दिसम्बर 1992 को ढांचा टूटने के बाद मलबे से हिन्दू मन्दिर होने के अनेक साक्ष्य उद्घाटित हुए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जन्मभूमि स्थान के नीचे कनाडा के विशेषज्ञों द्वारा राडार तरंगों से फोटोग्राफी कराई गई, खुदाई में सैंकड़ों वर्ष पूर्व के अवशेष पाये गये। भू-वैज्ञानिकों की सलाह पर उच्च न्यायालय ने भारत सरकार के पुरातत्व विभाग को उत्खनन का निर्देश दिया, छः महीने तक उत्खनन हुआ। पुरातत्व वेत्ताओं ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि उत्खनन में जो-जो वस्तुऐं मिली हैं वे सभी उत्तर भारतीय शैली के हिन्दू मन्दिर की वस्तुएँ हैं।

असंख्य साक्ष्यों के आधार पर उच्च न्यायालय ने 30 सितम्बर 2010 को रामलला के पक्ष में निर्णय सुना दिया। आज सर्वोच्च न्यायालय में राम जन्मभूमि अपील का विषय है। लेकिन आज संचार माध्यमों को संवेदनशील होना होगा, तथ्य सही रूप में विश्व के सामने लाने होंगे। संचार माध्यमों को अपने मूल्य, स्वतंत्रता एवं

दायित्व को संरक्षित एवं संवर्धित करना होगा। संचार माध्यम भूवैज्ञानिक एवं पुरातत्व विभाग द्वारा श्री राम जन्मभूमि स्थल पर किये गये अन्वेषण पर न चर्चा करता है और न ही यह उसकी पसन्द का विषय है।

श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर रामलला का भव्य मन्दिर निर्माण राष्ट्रीय महत्त्व के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं सम्पूर्ण विश्व को भी प्रभावित करता है। श्रीराम जन्मभूमि विवाद में जब भी न्यायालय में कोई भी प्रगति होती है, तो संचार माध्यमों के द्वारा दी गई सूचनाएँ सही जानकारी न देकर सनसनी फैलाती है। शब्दों की जादूगरी कुछ इस तरह की होती है कि समाज में उत्तेजना पैदा हो और उससे केवल जानकारी की पवित्रता हताहत होती है।

यह न्यायालय को भी पता रहता है कि न्यायालय की कार्यवाहियाँ किस रूप में संचार माध्यम से जनता तक पहुँच रही हैं। यह सच है कि राम जन्मभूमि का विषय एक संवेदनशील एवं गम्भीर विषय है, जिसमें अधिक सावधानी एवं संयम रखना चाहिए। संचार माध्यम देश के सूचना तंत्र के पोषक हैं और भारत के नागरिकों को जागरुक बनाते हैं। सूचना के अधिकार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि सूचना सही हो, विश्वसनीय हो तथा शुद्ध हो। किसी व्यक्ति दल विशेष या विचार विशेष द्वारा टिप्पणी सूचना नहीं होती। टिप्पणी सूचना को अशुद्ध अशोभनीय व अविश्वसनीय एवं सनसनी फैलाने वाली बनाती है।

माननीय न्यायालय में न्यायाधीश जो भी आदेश पारित करते हैं वह आज संचार माध्यमों से तत्काल सम्पूर्ण विश्व को ज्ञात हो जाता है। 30 सितम्बर 2010 की सायं 3:55 मिनट पर राम जन्मभूमि के वाद में प्रयाग उच्च न्यायालय के तीन माननीय न्यायाधीशों की विशेष पूर्णपीठ ने निर्णय सुनाया और 4:10 मिनट पर दस हजार पृष्ठों से अधिक का निर्णय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर विश्व पटल पर उपलब्ध था। परन्तु अगले दिन के समाचार पत्रों में विचार विशेष को समर्पित कथित विशिष्ट व्यक्तियों की विपरीत टिप्पणियाँ संचार माध्यमें में प्रमुखता से थी, जिन्हें 30 सितम्बर 2010 को ही दस हजार पन्नों के निर्णय को पढ़े बिना संचार माध्यमों द्वारा गलत तरीके से विश्व पटल पर रखा गया। इस विषय पर माननीय न्यायाधीश कुछ भी नहीं कह सके।

इससे कुछ दिन पूर्व ही विशेष पूर्णपीठ ने संचार माध्यमों के बारे में यह कहना उचित समझा था कि मीडिया किसी भी सम्भावित प्रतिक्रिया या अवांछित प्रतिक्रिया से बचे, क्योंकि गलत एवं अशुद्ध सूचना से बहुत अधिक गम्भीर परिणाम होने की सम्भावना है। जैसा कि दृष्टांत रूप से मुम्बई आंतकवादी हमले के समय संचार माध्यमों ने अपने कर्यव्यों का संयमित सतर्क पानल नहीं किया। हम सभी देशवासी आशा व विश्वास करते हैं कि न्यायालय की टिप्पणियों को मीडिया सही परिप्रेक्ष्य में और अपने दायित्व का आत्म संयम आत्म जागरूक एवं अधिक सतर्क तरीके से पालन करे।

सच यह कि इतिहास केवल एवं केवल ऐतिहासिक राजा की कहानी होती है। लिखने वाला केवल और केवल राजा के विषय में लिखता है और अगर राजदरबारी है तो चापलूसी की हद तक मिथ्या प्रशंसा करता है, क्योंकि उसकी दृष्टि में राजा कभी गलती नहीं करता है "King can do no wrong" जबकि अगर संचार माध्यम अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए विश्वसनीय सत्य एवं शुद्ध सूचना का प्रसारण करें तभी वह इतिहास बनता है।

यह कहने आवश्यकता नहीं है कि राम जन्मभूमि के निर्णय को पूरा सम्मान मिलना चाहिए और इस विषय का तब तक निश्चित तौर पर अंत नहीं होगा, जब तक की सभी पक्षों द्वारा इसे स्वीकार न कर लिया जाये। यह सच है कि रामलला के बारे में सभी संचार माध्यम एवं समाचार केवल और केवल अटकलें लगाते हैं। वह सही तथ्यों को बताने की न तो चेष्टा करते हैं और न ही प्रयास। संचार माध्यम हमेशा असंगत, गैरसंवैधानिक, अन्यायपूर्ण उद्धरणों को ही सामने लाते हैं। समाचार एवं संचार माध्यमों का अपना अलग ही उद्देश्य होता है।

Faustian Bargain

संचार एवं समाचार माध्यमों का अपना निहित स्वार्थ होता है। मीडिया का अपना व्यक्तिगत लक्ष्य होता है, मीडिया उत्तेजना फैलाता है, मीडिया सनसनी फैलाता है, मीडिया केवल और केवल प्रचार करता है। संचार माध्यम संवेदना रहित होता है। यानी असंवेदनशील होता है।

Media Tentalize, Media Sensationalize & Sensualise with hype, Media Scandalize, Media invades Media splash and show.

It is a Faustian Bargain शैतानी ताकतों के सामने आध्यात्मिक सत्य का समपर्ण 'फास्टियन बार्गेन' पश्चिम जगत की एक ऐसी अवधारणा है जिसमें जानकारी के लिए शैतान के सामने समर्पण की बात कही गई है।

यहाँ मैं मोहवश फाउन्टेन हैड को संदर्भित करने से रोक नहीं पा रहा हूँ-

'आज जो उपदेश दिया जा रहा है उसे सुनो। हमारे चारों ओर के लोगों को देखो। आपने सोचा वे क्यों पीड़ित हैं, वे खुशी क्यों चाहते हैं और इसे कभी नहीं पाते हैं। यदि कभी कोई व्यक्ति रुका और अपने आप से पूछा कि क्या कभी वास्तव में वह अपनी व्यक्तिगत इच्छा रखता है, वह देखेगा उसकी सभी इच्छाएँ, उसके प्रभाव, उसके स्वप्न, उसकी महत्वाकांक्षाए दूसरे के द्वारा प्रेरित होती हैं।'[2]

और आज वह दूसरा व्यक्ति मीडिया है।

अपनी आत्मा को बेचना दुनिया में सबसे आसान काम है। यही हर कोई अपने जीवन के हर घंटे करता है। यदि मैं आप से आपकी आत्मा को बचाने के लिए कहूँ.... तो क्या आप समझ पाएँगे कि यह बहुत कठिन क्यों है? यह हमेशा एक 'फास्टियन बार्गेन' है। समझाने के लिए सबसे अधिक कठिनाई यह है कि स्पष्ट रूप से हर

2. Listen to what is being preached today. Look at everyone around us. You've wondered why they suffer, whey they seek happiness and never find it. If any man stopped and asked himself whether he has ever held a truly personal desire, he'el find the answer. He'el see that all his wishes his effects, his dreams, his ambitions are motivated by other men. (Fountain head - Ayn Rend).

किसी ने नहीं देखने का फैसला कर लिया है।[3]

(और मीडिया उसी के लिए उत्प्रेरक है)

सभी संचार माध्यमों को केवल अपने अनियंत्रित विस्तार की चिंता है। हर चैनल केवल अपने टी.आर.पी. (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट) की चिंता करता है। आज की दुनिया में सभी ई-मीडिया पर निर्भर हैं। यह केवल एक परिदृश्य है, जो सामाजिक प्लेटफार्म बनाता है। यह सत्य नहीं केवल एक काल्पनिक आभास है। क्या हम शैतान के सपनों की दुनिया को सच नहीं कर रहे है। Facebook, Whatsapp, Twitter, etc. क्या है? यह गूगल, एप्पल, अमेजन क्या है? प्राइम, नेटफ्लीक्स, हॉटस्टार क्या है? संचार माध्यम बिना किसी लक्ष्य की न रुकने वाली क्रांति है, एक निजता है और इस क्रांति का नेतृव्य भी परिणाम की भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन और उसमें संचार माध्यमों का अपना खेल तो एक बहुत छोटा सा हिस्सा है, लेकिन वह भारतीय संस्कृति एवं संस्कार साथ ही साथ भारत के सनातन मूल्यों पर एक बहुत बड़ी चोट है और हम सभी भारतीय बुरी तरह से हताहत हो गये हैं।

संचार माध्यमों की विश्वसनीयता का संरक्षण एवं परिवर्धन, प्रजातंत्र एवं गणतंत्र की रक्षा के लिए आवश्यक है, लेकिन बिना प्रमाण के भारतीय संचार माध्यम विघटन फैला रहे हैं, गलत जानकारी दे रहे हैं। झूठी जानकारी दे रहे हैं। अपुष्ट जानकारी दे रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता का विषय है कि संचार माध्यम विदेशी ताकतों के हाथ में खेल रहे हैं और राष्ट्र विरोधी ताकतें दुर्भावना के साथ हमारे संचार माध्यमों का दुरुपयोग कर रही हैं। तथ्य क्या है, उसका विश्लेषण क्या है, उसपर टिप्पणी क्या है, इसका संचार माध्यमों में गड़बड़ घोटाला है। सोशल मीडिया काउंसिल आज की आवश्यकता है। सामूहिक एवं सामाजिक संचार माध्यमों की एक परिषद आज भारत वर्ष की आवश्यकता है, जो सभी संचार माध्यमों के मानकों को सुधार सके और उसकी आचार संहिता बना सके।

आवश्यकता है कि सामूहिक एवं सामाजिक संचार माध्यम अपने प्रसार के साथ-साथ सार्वजनिक सेवा की भावना को बढ़ाएं और अपने दायित्वों को समझ सकें। सभी वर्गों के संचार माध्यमों के बीच उचित कार्यात्मक सम्बन्ध होना चाहिए और एक नियामक प्राधिकरण के द्वारा सामाजिक, संचार माध्यमों को विनियमितिकरण होना चाहिए। यहाँ यह ध्यान में आता है कि भारत में समाचार पत्रों हेतु पहली बार 1966 में प्रेस काउन्सिल स्थापित की गयी थी, जिसे आपातकाल में भंग कर दिया गया और इसकी पुनर्स्थापना 01 मार्च 1979 को हो पायी, लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समाचार-पत्र एवं पत्रिकाओं सहित सभी प्रकार के सामूहिक एवं सामाजिक संचार माध्यमों के विनियमितिकरण के हेतु एक परिषद की आवश्यकता है, जो सभी पहलुओं पर विचार कर संचार माध्यमों की स्वतंत्रता को संरक्षित

3. To sell your soul is the easiest thing in the world. That's what everybody does every hour of his life. If I asked you to keep your soul …. would u understand why that's much harder? It is always a Faustian Bargain. The hardest thing to explain is the glaringly evident which everybody has decided not to see. (And the media is the Catalyst for the same).

एवं संवर्धित करें, जिसका प्रारम्भ सामूहिक एवं सामाजिक आयोग के माध्यम से किया जाए।

आशा ही नहीं विश्वास है कि भारत में पत्रकारिता एवं सभी संचार माध्यम अपनी संस्कृति, संस्कार एवं मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में अपनी स्वतंत्रता एवं दायित्व का निर्वहन, संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ देश के वैभव में अपना योगदान करने में सफल रहेंगे।

मैं समझता हूँ कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता भारत की सही पहचान को पुनः प्रतिष्ठित करना है और वह प्रतिष्ठा दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद से ही हो सकेगी। एकात्म दृष्टि, सनातन धर्म या हिन्दुत्व ये शब्द भले ही अलग-अलग हैं किन्तु इनके अर्थ एक हैं। एकात्म दृष्टि हमारे इस आध्यात्मिक राष्ट्र की विविध रचनाओं का आधार रही है और इस देश में जो बिखराव आ रहा है उसे भी एकात्म दृष्टि के माध्यम से ही रोका जा सकता है, दूसरा कोई अन्य मार्ग नहीं है।

- श्रद्धेय अशोक सिंहल

अरुंधती वशिष्ठ अनुसन्धान पीठ

महावीर भवन, 21/16, हाशिमपुर रोड, टैगोर टाउन, प्रयागराज-211002
फोन एवं फैक्स : 91-532-2466563, मो0 919453929211
E-mail : nationalthought@gmail.com
Web : www.avap.org.in

2230-7001

Price : 150/-